




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 271 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 01 जुलाई 2024 डाक 02 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

साउथ ब्लॉक लॉन में जनरल मनोज पांडे सीओएएस सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने के अवसर पर आयोजित औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए।



**देश-विदेश**

वाराणसी में सपा नेता के घर में बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, रंगदारी देने से कर दिया था मना- इलाके में दहशत



**कोरिया जिला**

ग्राहक बनकर आये बदमाशों ने आभूषण दुकान में की लूट




# लोकसभा में विपक्ष का हंगामा जारी, नीट परीक्षा पर चर्चा की मांग पर अड़ा, तीन नए कानूनों के भी विरोध में विपक्ष



**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

18वीं लोकसभा का पहला सत्र जारी है। सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि नीट परीक्षा मुद्दे पर पूरे एक दिन चर्चा की जाए। स्पीकर ने बात नहीं मानी, तो विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर दिया। इससे पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी से इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी। जिसके बाद संसद में हंगामा हो गया था।

इस बीच, कांग्रेस ने 1 जुलाई से लागू हुए तीन नए कानूनों का विरोध करना शुरू कर दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे 'बुलडोजर न्याय' करार दिया है। कांग्रेस ने इस मुद्दे को संसद में उठाने का फैसला किया है। सदन की कार्यवाही रोककर इस पर चर्चा की मांग की गई है। राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे, तो लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे पर बोल सकते हैं। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कानूनों में कोई खामी नहीं थी। खामियां उनके कार्यान्वयन में हैं, जांच एजेंसियों में हैं, पुलिस उन कानूनों पर कार्रवाई नहीं करती है। मुझे लगता है कि नए कानूनों से आने वाले कई वर्षों तक बहुत बड़ी उलझन रहेगी। एक सामान्य नागरिक ने कुछ कानूनों को बड़ी मुश्किल से समझा था, अब नई धाराओं के तहत उसे अपना केस दायर करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। मुझे लगता है कि इससे पुलिस की मनमानी को बढ़ावा मिलेगा। वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने ट्वीट करके तीनों कानूनों को तुरंत रोकने की मांग की है। उन्होंने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के जरिए पुलिसिया स्टेट की नींव डाली जा रही है। नए क्रिमिनल कानून भारत को वेलफेयर स्टेट से पुलिस स्टेट बनाने की नींव रखेंगे। उन्होंने कहा कि संसद में इन कानूनों पर फिर से चर्चा हो उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भी इन कानूनों का विरोध जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। 90-99 प्रतिशत तथाकथित नए कानून कट, कॉपी और पेस्ट का काम हैं। जो कार्य मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था, उसे एक बेकार प्रक्रिया में बदल दिया गया हैं। नए कानूनों में कुछ सुधार हुए हैं और हमने उनका स्वागत किया है। इन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था।

### संसद से टीम इंडिया और कप्तान रोहित शर्मा को दी गई बधाई....

*वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी गई। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बधाई संदेश पढ़कर सुनाया। लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा होगी। आज विपक्ष चर्चा में हिस्सा लेगा। इस दौरान तीन नए कानूनों के साथ ही परीक्षाओं में कथित धांधली का मुद्दा भी उठ सकता है।*

## देशवासियों पर शिकंजा कसने की है तैयारी,नए आपराधिक कानूनों पर बोलीं सपा सांसद डिंपल यादव



नई दिल्ली। तीन नए आपराधिक कानूनों पर समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव का बयान सामने आया है। डिंपल ने आरोप लगाया कि यह कानून बहुत गलत तरीके से संसद में पास किए गए हैं। इन कानूनों पर कोई चर्चा नहीं है। सपा सांसद ने कहा कि अगर कोई विदेशों में भी अपने अधिकारों को लेकर विरोध करता है तो उन पर भी ये कानून लागू होंगे। कहीं न कहीं यह कानून पूरे देशवासियों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। राजनीतिक दबाव के चलते अब तक कई संगीन मुकदमे भी कोर्ट से वापस हो जाते थे, लेकिन एक जुलाई 2024 से तीन नए कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) लागू होने के बाद यह संभव नहीं होगा। अब न्यायालय में लंबित आपराधिक मामलों को वापस लेने के लिए पीड़ित को कोर्ट में अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिलेगा। न्यायालय पीड़ित को सुनवाई का अवसर दिए बिना मुकदमा वापस लेने की सहमति नहीं देगा। नए कानूनों में ऐसे कई प्रविधान किए गए हैं, जो न्याय की अवधारणा को मजबूत करते हैं। समयबद्ध न्याय के लिए पुलिस व कोर्ट के लिए सीमाएं भी निर्धारित की गई हैं। अंग्रेजों के बनाए कानून खत्म हुए तो पहली बार छोटे अपराधों में सजा के तौर सामुदायिक सेवा का भी प्रविधान किया गया है। पुलिस विवेचना में अब तकनीक का उपयोग अधिक से अधिक होगा।

## तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान गिरने से मजदूर की मौत, तीन दबे



**डिंडौरी।** जिले के गाड़ासरई थाना अंतर्गत ग्राम कार्वेमट्ठा में तीन मंजिला निर्माणाधीन मकान सोमवार की सुबह लगभग साढ़े 4 बजे गिर गया। मलबे में दबकर हादसे में छोटू उर्फ मोरध्वज सिंह पिता हेम सिंह उम्र 30 वर्ष की जहाँ मौत हो गई। जागेश्वर पिता भोग सिंह उम्र 32, यशवंत पिता दल सिंह उम्र 30,शंकर पिता जगदीश बंजारा उम्र 30 वर्ष ये सभी निवासी धवाडोंगरी टिमकी टोला थाना गाडासरई घायल हुए हैं। गाड़ासरई थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे ने बताया कि कार्वेमट्ठा में अयोध्या प्रसाद राय द्वारा भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। सोमवार की सुबह तेज हवा के साथ वर्षा भी हो रही थी। घटिया निर्माण कार्य के चलते ही मकान गिर गया। संबंधित मजदूर इस निर्माणाधीन मकान में रहकर कार्य कर रहे थे। जब दुर्घटना में मकान धराशाई हुआ तब मजदूर अंदर सो रहे थे। मजदूर मलबे के नीचे दब गए। एक की मौत हुई है। घायलों को अस्पताल इलाज के लिए लाया गया है।

## नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या शव को सड़क पर फेंक उस पर रख गए पर्चा

**नारायणपुर 01 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा एक ग्रामीण की हत्या कर शव को सड़क पर फेंकने की घटना सामने आई है। नक्सलियों ने ग्रामीण के शव पर एक पर्चा भी रखा है, जिसमें उसे पुलिस का मुखबिर बताया गया है। नक्सलियों ने 30 वर्षीय सन्नू उसेंडी पिता डोगे उसेंडी की पुलिस की मुखबिरी में हत्या कर दी। ग्रामीण का शव 30 जून की रात बटुमपारा चौक ओरछा में पड़ा मिला। सन्नू बांस शिल्प कॉलोनी नारायणपुर का रहने वाला था। पुलिस के अनुसार शव पर एक पर्चा भी मिला, जिसमें ग्रामीण को बस्तर फाइटर का जवान बताने के साथ उसे पुलिस का मुखबिर भी बताया गया है। पर्चे में उसे मौत की सजा सुनाने की बात कही गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। एसपी प्रभात कुमार ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने केस दर्ज करके घटना की जांच शुरू कर दी है। इसके पहले भी नक्सली कई ग्रामीणों को पुलिस का मुखबिर बताकर उनकी जान ले चुके हैं।

## टी 20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत पर नेहा सिंह राठौर का विवादित बयान

### क्रिकेट प्रेमियों से लेकर खिलाड़ियों तक पर भड़कीं भोजपुरी सिंगर

**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**



भारत 17 साल बाद टी20 विश्व कप जीता है। क्रिकेट प्रेमी से लेकर पूरा देश इस जीत के जश्न में डूबा हुआ है। शनिवार को फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर ये ट्रॉफी अपने नाम की है। जहां इस जीत की खुशी देशभर के लोग मना रहे हैं वहीं भोजपुरी सिंगर नेहा सिंह राठौर को ये रास नहीं आ रहा है। इस जीत पर खुशियां मनाते हुआ लोग नेहा सिंह राठौर को पसंद नहीं आ रहे है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर सिंगर ने क्रिकेट प्रेमी को जमकर लताड़ लगाई है। अपने सोशल मीडिया एक्स पर नेहा सिंह राठौर ने क्रिकेट प्रेमी से लेकर बीसीसीआई तक को जमकर लताड़ा है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, क्रिकेट के ओवरडोज ने युवाओं की बुद्धि खराब कर दी है। उन्होंने आगे कहा, शाह के लड़के को यूं ही सचिव नहीं बनवाया गया था।

ग्लैडिएटर फिल्म देखी है। जब भी बड़ा घोटाला करना होता था, रोम में बड़े-बड़े खेलों का आयोजन किया जाता था। जनता अपनी बर्बादी और दुख भूलकर खेलों में डूबी रहती थी और इधर खेला हो जाता था। देश का भी वही हाल कर दिया गया है।

## हेमंत सोरेन के सामने सीएम चंपई ने कर दिया बड़ा ऐलान

**साहिबगंजा-खरसावां।** हूल दिवस के अवसर पर राज्यवासियों ने ब्रिटिश सरकार और महाजनी प्रथा के विरुद्ध 1855 में क्रांति छेड़ने वाले वीर बलिदानियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य समारोह वीर सिदो-कान्हू की जन्मस्थली साहिबगंज जिले के भोगनाडीह में आयोजित हुआ। यहां मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिदो-कान्हो, चांद-भैरव और फूलो-झानो की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सरायकेला के राजनगर क्षेत्र के कुमडीह और गमदेसाई भी गए और वहां सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर चंपई सोरेन ने कहा है कि अगले दो महीने में राज्य में बम्पर बहाली होने वाली हैं। करीब 50 हजार शिक्षकों की बहाली इस अवधि में की जाएगी। पुलिस की बहाली भी शुरू होने वाली है। इसी तरह अगस्त महीने से राज्य की 21 से 50 साल तक की महिलाओं को सरकार 1000 रुपये पेंशन देने की योजना लागू करेगी। इसके अलावा अब राज्य के 33 लाख गरीबों को 15 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र ही 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास उपलब्ध कराएगी। भोगनाडीह में मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोगों ने कभी किसी की अधीनता स्वीकार नहीं की।

## अरविंद केजरीवाल फिर हाईकोर्ट पहुंचे, दिल्ली सीएम ने सीबीआई की गिरफ्तारी को दी चुनौती



**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और अदालत ने उन्हें तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया था। इसके बाद 29 जून को रिमांड अवधि समाप्त होने पर अदालत ने केजरीवाल को 12 जुलाई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निचली अदालत से मिली निमयित जमानत पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को केजरीवाल की तीन दिन की हिरासत समाप्त होने के बाद दिल्ली की अदालत ने उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और कहा कि उनका नाम आबकारी नीति मामले में मुख्य साजिशकर्ताओं में सामने आया है। एजेंसी ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी थी और दावा किया था कि अरविंद केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया और टालमटोल वाले जवाब दिए। एजेंसी ने कहा था कि केजरीवाल गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार किया था। ईडी व सीबाआई दोनों ही मामले में वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं।

### अजीत डोभाल की सुरक्षा में तैनात अधिकारी के साथ 43 लाख का फ्रॉड, जमीन दिलाने के नामपर यूं पैसे ऐंठता रहा शातिर



*__रांची।__ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके बेटे की सुरक्षा में तैनात अधिकारी गढ़वा निवासी धर्मेंद्र दुबे से रांची के एक व्यक्ति ने जमीन दिलाने के नाम पर 43 लाख रुपये ठग लिए। बाद में ठग ने 28 लाख वापस कर दिए, लेकिन 15 लाख रुपये मांगने पर वह उलटे धमकी दे रहा है। धर्मेंद्र दुबे ने इस संबंध में रांची के पंडरा थाना में रांची के बैंक कॉलोनी निवासी राजीव चौधरी के खिलाफ 15 लाख रुपये ठगी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि राजीव से उन्होंने एक जमीन लेने की बात की थी। इसके एवज में उन्होंने राजीव को 43 लाख रुपये दिए थे। राजीव ने उनसे एक जमीन का एग्रीमेंट किया था, लेकिन पैसे लेने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं की। जमीन के नाम पर वह कई बार अलग-अलग एग्रीमेंट कराता रहा और पैसे लेता रहा। धर्मेंद्र दुबे का आरोप है कि राजीव चौधरी ने राजेश कुमार नामक व्यक्ति से भी ठगी की है।*

## अमरनाथ यात्रा के बीच आतंकी साजिश नाकाम, बारामूला में पकड़ा गया आतंकवादी सहयोगी, विदेशी निर्मित पिस्टल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद

**श्रीनगर , 01 जुलाई [एजेंसी]।**



अमरनाथ यात्रा के बीच सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में एक संदिग्ध आतंकवादी सहयोगी को पकड़ा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने कल देर रात सोपोर के बोमई इलाके के माचीपोरा में एक संयुक्त चौकी स्थापित की। अधिकारियों ने कहा कि चेकिंग के दौरान बोमई से माचीपोरा की ओर आ रहे एक वाहन को रोका गया। चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क दल ने उसे पकड़ लिया।उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान जिले के रफियाबाद इलाके के निवासी वहीद उल जहूर के रूप में हुई है। अधिकारियों ने कहा कि वाहन से दो तुर्की निर्मित पिस्तौल, तीन मैगजीन, 41 राउंड, एक साइलेंसर, दो चीन निर्मित ग्रेनेड और तात्कालिक विस्फोटक उपकरण बनाने की सामग्री जब्त की गई है।

सेना के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी सहयोग के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच की जा रही है। अमरनाथ यात्रा के बीच आतकंवादी घाटी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है। लेकिन सुरक्षाबल उसकी किसी भी मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## सिम कार्ड बदलने को लेकर नए नियम आज से लागू सिम स्वैप के बाद 7 दिन होगा अब वेटिंग पीरियड



**नईदिल्ली, 01 जुलाई [एजेंसी]।**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के मुताबिक, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी नियमों में किए गए नए बदलाव आज यानी 1 जुलाई से लागू होंगे। ट्राई द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने 14 मार्च, 2024 को दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम, 2024 जारी किए हैं। दरअसल, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी नियमों में बदलाव सिम स्वैप और रिप्लेसमेंट से जुड़ी धोखाधड़ियों को खत्म करने के लिए हुआ है। ट्राई के मुताबिक, सिम स्वैप या रिप्लेसमेंट का मतलब ऐसी प्रक्रिया से है, जिसमें एक नई सिम को पुराने सिम खोने या काम न करने की वजह से खरीदा जाता है।

यह सिम पुराने सिम वाले नंबर पर ही पुराने ग्राहक को दिया जाता है। ग्राहक मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी नियमों के साथ एक सर्विस प्रोवाइडर से दूसरे में बिना नंबर बदले स्विच कर सकते हैं। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी प्रक्रिया को लेकर दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी विनियम, 2009 में समय समय पर बदलाव होते रहे हैं। दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी विनियम, 2009 में अब तक 8 बार संशोधन किया जा चुका है। अब यह नौंवा संशोधन है।

## गवाही देने से दो दिन पहले महिला को मार डाला

### पोती के हत्यारों पर दादी को भी मारने का आरोप



**बेगूसराय।** बेगूसराय के चर्चित हत्याकांड के मुख्य गवाह यानी उसकी दादी की मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का आरोप है कि मुख्य गवाह होने की वजह से आरोपियों ने चलती बाइक पर रॉड से हमला कर वृद्ध की हत्या की है। और, उसे सड़क हादसे का रूप देने का प्रयास किया है। घटना फुलवरिया थाना क्षेत्र के एनएच 28 की है। इस घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की छानबीन में जुट गई है। दरअसल, 24 जुलाई 2023 को बछ्वारा थाना क्षेत्र के चमथा छोट खूंट में आठ साल की लड़की की निर्मम हत्या कर दी गई थी। अपराधियों उसका रेप किया फिर लाश को घर के बेसमेंट में दबा दिया था।

परिजनों की शिकायत के बाद काफी जद्दोजहद के बाद बच्ची की लाश को बरामद किया गया था। मामले में शिवम कुमार समेत पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। उसे वक्त यह घटना पूरी सुर्खियों में रही थी और देश के विभिन्न हिस्सों में इसकी काफी निंदा भी की गई थी।

# समय पर पीड़ित को न्याय दिलाना ही नये कानून का उद्देश्यः जिला एवं सत्र न्यायाधीश





कोरबा । भारत में लागू होने वाले तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तार से जानकारी देने तथा इसमें जुड़े प्रावधानों पर चर्चा करने आज कलेक्ट्रेट स्थित ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के अधिवक्ताओं को नये कानून के संबंध में जानकारी देते हुए पीड़ितों को न्याय देने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सत्येन्द्र साहू, जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहा कि नये कानून का उद्देश्य न्याय में विलंब की प्रक्रिया को दूर करना और पीड़ितों को जल्दी न्याय दिलाना है। नये कानून में समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। इसके साथ ही विटनेस के अभाव में प्रभावित होने वाली न्याय प्रक्रिया के लूप होल को भी नये कानून में दूर किया गया है। कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री साहू ने आगे कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश के तहत एक जुलाई से लागू होने वाले नये कानूनों की जानकारी से सभी को अवगत कराया जा रहा है। अधिवक्ताओं की भूमिका न्यायालय का सहयोग करने के साथ ही पीड़ितों को न्याय दिलाने में होता है। अधिवक्ता न्याय प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है। किसी भी कार्य को समर्पित होकर ईमानदारीपूर्वक किया जाये तो निश्चित ही समय पर कार्य पूर्ण होता है। उन्होंने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि पक्षकार, अधिवक्ता समर्पित होकर कार्य करें तो सिविल कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पांच वर्ष के भीतर न्याय की प्रक्रिया संपादित हो सकती है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं के कार्य को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि उनकी विशिष्ट सेवाओं के कारण ही अधिवक्ताओं की सेवा को उपभोक्ता संरक्षण कानून के दायरे में नहीं लाया गया है। उन्होंने विधिक ज्ञान के दायरे को बढ़ाने की बात भी कही।

कार्यशाला में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने कानून को देश की विकास में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हम सभी शासन के अंग हैं और कानून का पालन सुनिश्चित कराने से पूर्व कानून के संबंध में जानकारी अवश्य रखें। कलेक्टर ने भारतीय संविधान के निर्माण में छत्तीसगढ़ के बैरिस्टर सहित अन्य अधिवक्ताओं के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि नये कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियन 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संबंध में सभी को जानकारी होने के साथ ही अधिवक्ताओं का सहयोग होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश तेजी से आगे बढ़ा है। इससे पूर्व ब्रिटिश काल में कानून लागू किये गये थे। उस समय कानून का उद्देश्य उनके हितों के अनुसार तय किया गया था। एक जुलाई से लागू होने वाले नये कानून में पीड़ितों को जल्दी न्याय देने के साथ ही भारतीयों के हितों के लिए कानून बनाया गया है। उन्होंने डॉ.अम्बेडकर द्वारा तैयार कानून में समानता की बात कहते हुए नवीन कानून से सभी को अपडेट रहने की अपील की। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि भारत में लागू होने वाले नये कानूनों को सर्वोत्तम बनाने के साथ ही उसे क्रियान्वित करने में हम सभी की भूमिका होगी। उन्होंने नये कानूनों में न्याय को प्राथमिकता, तकनिकी पहलुओं का समावेश, नागरिक केंद्रित एवं कल्याणकारी अवधारणा, महिला सुरक्षा, अनुसंधान में वैज्ञानिक तकनीक, समयबद्ध साक्ष्य संग्रह तथा निष्पक्षता आदि के संबंध में जानकारी दी। कार्यशाला में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री गणेश कुलदीप, न्यायाधीशगण, अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग, एडिशनल एसपी श्रीमती नेहा वर्मा सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## आतंक मचाने वाले 10 लोागों को पकड़कर पुलिस ने भेजा जेल

कोरबा। घंटाघर स्थित गढकलेवा चौपाटी में दिनांक 27.06.2024 को रात 10.00 बजे मुडापार निवासी मुनव्वर खान अपने साथ फजल अली तथा फारूख खान को लेकर मोटर सायकल से गढकलेवा में सूरज हथठेल, विकास बाबू के पास काम के सिलसिले मे बातचीत करने के लिए गये थे। यह लोग रात्रि 10.30 बजे लगभग गढकलेवा में पहुंचे तो सूरज हथठेल दिखाई दिया। जैसे ही यह लोग उससे बातचीत करना चाहे तभी अचानक से झाडी के अंदर से विकास बाबू व अन्य साथीगण अपने अपने हाथ में चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे का पाईप व डण्डा लेकर निकले तथा सूरज हथठेल पुरानी रंजिश के कारण मां बहन की गंदी गंदी गाली गुस्तार देते हुए आज मौका मिला है कि हम तुमसे अपने रिश्तेदार की मौत का बदला ले सके।

इतना कहकर सूरज हथठेल, विकास बाबू उर्फ विकास हिमधर, अभिषेक उर्फ बाबूमणी, रितिक चुटैल, राहुल चौहान, धनिकेस कुमार सिंह, रोशन दास महंत, सौरभ चौहान, अरूण जनवार, राहुल शर्मा शनि सिंह, शैलेष खडिया, आशु चुटैल उर्फ घोडा, व अन्य साथीगण हत्या करने की नियत से तीनों लोगों को चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे की पाईप व डण्डा से मारपीट करना शुरू कर दिये। उनके द्वारा मारपीट करने से तीनों को गंभीर चोट आई है। इन तीनो के ही शरीर से अत्यधिक खून बहकर निकला है। वह लोग तीनों को मरा हुआ समझ कर वहीं पर तडपता हुआ छोडकर भाग गए।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा सदर 307, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सिविल लाइन रामपुर के द्वारा पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी से प्राप्त दिशा निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन प्राप्त कर पुलिस की एक टीम बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के प्रतिपादन में पुलिस के द्वारा विवेचना के आरोपियों की संख्या 05 नफर से अधिक होने, गंदी गंदी गाली गुस्तार करने व मारपीट में आरोपियों द्वारा चापड, तलवार, चाकू, सायकल का चैन, लोहे की पाईप व डण्डा का इस्तेमाल करने से मामले में धारा 147, 148, 149, 294 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट जोडी गई है तथा धारा 34 भादवि हटाया गया है। पुलिस टीम के द्वारा घटना के आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया।मामले में मारपीट में इस्तेमाल किये गये आलाजरब को आरोपियों के कब्जे से जप्त किया गया है।

## मुख्यमंत्री की विशेष पहल से मिली नागरिकों को नई सुविधा




कोरबा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने चालक लाईसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा सभी अधीनस्थ कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट करने पर दो लोग गिरफ्तार ,पुलिस ने की कार्रवाई

कोरबा ।कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में सजग कोरबा अभियान के तहत अपराध पर अंकुश लागाने सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में कटघोरा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम तुमान निवासी पर सन 2022 में सोशल मीडिया फेसबुक में अश्लील वीडियो पोस्ट करने का मामला है, तो वहीग्राम पुछापारा निवासी पर भी सन 2023 में सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट वीडियो करने का मामला सामने आया है।सायबर टीप लाइन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने हेतु कोरबा जिला जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा व एसडीएम कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने दोनों कथित आरोपियों पर आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों कथित आरोपी को गिरफ्तार कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया। इस गिरफ्तारी में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक शिव कुमार कोसरिया, एएसआई राजेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक कश्यप, आरक्षक अजय खुटले, आरक्षक महेंद्र चंद्रा का अहम योगदान रहा।

## बंजारी पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

कोरबा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का ग्राम पंचायत बंजारी आगमन होने पर पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा ने कार्यकर्ताओं तथा जनता के साथ पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। डॉ. महंत ने आमजनों और कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।इस दौरान जनता ने ग्राम पंचायत बंजारी में जय मां मातीन दाई महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान में लापरवाही बरतने शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान की संचालन समूह का अध्यक्ष पति के द्वारा मनमानी ढंग से किया जा रहा है। लगभग 4 माह से ग्राम पंचायत के आधे से जायदा हितग्राहियों को राशन की आपूर्ति नही हो पाती है और राशन खत्म हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि अभी भी लगभग 70 हितग्राही बचे है, लेकिन दुकान में राशन नही होने के कारण राशन नही मिल पा रहा। जनसमस्या को संज्ञान में लेते हुए डॉ. महंत ने संबंधित अधीकारियों को तत्काल समस्या का निराकरण करने के लिए बोला। इस दौरान पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक अध्यक्ष असमेर पोर्ते, प्रशांत मिश्रा, भोला गोस्वामी, अशोक मिश्रा, अनिल श्रीवास, शिवनंदन कुजुर, विनोद उर्रे, वीनारानी देवागन, मंजू कुशरो, संतोष भगत, मानकुंनावरी भगत, बोधन सोनी, सुबोध मंझवार सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## लोक अदालत के समंस को समय पूर्व तामिली करेगें पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी




कोरबा ।नालसा नई दिल्ली एवं छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दिनांक 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा ए.डी.आर. भवन में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली गई। उक्त बैठक में नेशनल लोक अदालत के समंस/नोटिस जो माननीय न्यायालय के द्वारा जारी किया जा रहा है की समय पूर्व तामिली किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में नेहा वर्मा, एडिशनल एस.पी., श्री मनोज राठौर यातायात प्रभारी, एस.एच.ओ. कोतवाली एवं श्री गोवर्धन मांझी उप निरीक्षक, सिविल लाईन रामपुर कोरबा उपस्थित हुये। पुलिस अधिकारी के द्वारा नेशनल लोक अदालत के समंस/नोटिस को समय पूर्व तामिली किये जाने का आवश्वासन दिया गया।

कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा दिनांक 13 जुलाई 2024 नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुये कहा गया कि जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते है वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बताया गया है कि न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले मामले जिनमें कोर्ट फीस चस्पा है उन प्रकरणों में लोक अदालत के माध्यम से निराकरण होता है उक्त प्रकरणों में कोर्ट फीस वापसी का प्रावधान है, साथ ही लोक अदालत में निराकरण होने वाले प्रकरणों में किसी भी न्यायालय में अपील स्वीकार्य नहीं होती। अधिक जानकारी के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा दूरभाष 07759-228939, तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा दूरभाष नंबर 07815-250833, तालुका विधिक सेवा समिति पाली दूरभाष नंबर 07816-232037,तालुका विधिक सेवा समिति करतला दूरभाष नंबर 07759-279833 कर सकते है।

## बाइक बेकाबू होने से गिरे दो ग्रामीण-एक मृत

कोरबा ।कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम नुनेरा के भीमसेनिया जंगल से गुजरते समय एक बाइक के बेकाबू होने से इसमें सवार दो व्यक्ति सड़क पर गिर गए। इनमें से एक को गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। दीपका थाना अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी अपने साथी के साथ अपनी बाइक में पाली गया था। यहां से दोपहर 2 बजे वे दीपका की ओर लौट रहे थे। दोपहर लगभग 2 बजे उनकी बाइक पाली-दीपका के बीच ग्राम नुनेरा के भीमसेनिया जंगल मेन रोड से गुजर रही थी। इस दौरान बाइक बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई। इससे वे दोनों भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इनमें से नटवर प्रसाद नामक व्यक्ति की गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि खिलेन्द्र नामक व्यक्ति के हाथ-पैर में चोट आई है।

## फाल्ट सुधारने गए सब-स्टेशन कर्मी को एक ग्रामीण ने दी धमकी

कोरबा । कोरबा जिले में 11केवी की लाइन में फाल्ट आने पर सुधारने के लिए सब-स्टेशन का कर्मचारी अपने साथी सहित गया था। उस कर्मी ने आरोप लगाते हुए बताया की इस दौरान वहां पहुंचे एक ग्रामीण ने उसके सहयोगी कर्मचारी का मोबाइल छीनकर उसे जान से मारने की धमकी दी। जानकारी के अनुसार ग्राम पसान थाना अंतर्गत दुरीमार पंचायत पोड़ीखुर्द निवासी बिजली विभाग के कोरबी सब-स्टेशन में ठेका कर्मी के रूप में कार्यरत है। बुधवार को कोरबी फीडर के कोरबी से सरमा तक 11केवी के लाइन में फाल्ट आने पर वह सुधारने गया था। इस दौरान लाइन चेक करने उसने अपने सहयोगी से लाइन काटने को कहा। तब वहां पहुंचे तनेरा निवासी एक ग्रामीण ने उससे मोबाइल छीन गाली-गलौज करने लगा। यहां तक कि जान से मारने की धमकी भी दी। कर्मी ने अपने मोबाइल पर गाली-गलौज रिकार्ड कर लिया हैं।



कोरबा ।इमली डुग्गू क्षेत्र में नाले में फंसे कचरे को पार्षद सुफलदास ने अपने साथियो के साथ साफ किया।

## बुड़बुड़ परियोजना के विस्थापितो ने बिलासपुर में किया 7 घंटे प्रदर्शन



कोरबा। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में कोरबा जिले के बुडबुड , राहाडीह परियोजना के भूविस्थापित ने उग्र आंदोलन किया । अपनी रोजगार की मांग को लेकर कई वर्षों से एरिया महाप्रबंधक एवं सीएमडी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन करते रहे । आवेदन पर कार्यवाही नहीं करने से परेशान होकर शुक्रवार को उग्र आंदोलन किया यह आंदोलन 7 घंटे लगातार जारी रहा ।

ग्राम बुडबुड , राहाडीह की प्रथम चरण में 550 एकड़ भूमि एल ए एक्ट के तहत अधिग्रहण की गई थी जिसका अवार्ड 2007 में किया गया है । अर्जन के दौरान महाप्रबंधक कोरबा श्री खान ने मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के तहत ग्रामीणों को रोजगार देने हेतु लिखित में पत्र प्रदान किया था । कलेक्टर के द्वारा ग्राम बुडबुड में 15/03/2013 को बैठक ली गई जिसमे क्षेत्र के विधायक अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि , प्रबंधन के अधिकारी प्रशासन के अधिकारी एवं 400 ग्रामीण उपस्थित रहे । एसईसीएल कोरबा के महाप्रबंधक जेड एच खान ने प्रथम चरण में मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत 275 खातेदार को रोजगार दिए जाने की जानकारी जिलाधीश बैठक में प्रदान की जिसे सभी ने सहमति प्रदान की । सर्वसम्मति से तय किया गया कि नामांकन की प्रक्रिया कैंप लगाकर 20/03/2013 से 26/03/2013 तक पूर्ण कराई जाएगी । नामांकन के दौरान जांच कर भूविस्थापितों को रोजगार पात्रता प्रमाण पत्र भी प्रदान की गई । नामांकन पूर्ण होने एवम सत्यापन पूर्ण होने के बाद एकाएक वर्ष 2016 में रोजगार देने हेतु कोल इंडिया पॉलिसी लागू कर सैकड़ो भू विस्थापितों को अपात्र कर दिया गया ।

मुख्यालय के धरना आंदोलन में बुजुर्ग , बच्चे एवं महिलाएं भी शामिल रही । लगातार 7 घंटे चले इस धरना प्रदर्शन में अधिकार पाने आक्रोश एवम जोश के साथ डटे रहे । उनकी पीड़ा को उपस्थित अन्य लोगों ने महसूस किया एवम यह कहने से नहीं चुके कि एसईसीएल के अधिकारी लोगों के साथ छलपूर्वक अमानवीय व्यवहार करने पर उतारू हो गए हैं । अधिकारियों की एक ही मंशा रहती है , कि किसी भी प्रकार का हथकंडा अपनाकर उत्पादन लक्ष्य को हासिल किया जाए। भले ग्रामीणों को उनके हक एवं अधिकार से वंचित होना पड़े ।

आन्दोलन के दौरान अधिकारियों ने कई बार वार्ता हेतु पहल की। अंततः लगातार 7 घंटे आंदोलन के बाद अधिकारियों के साथ वार्ता हुई जिसमें महाप्रबंधक भू राजस्व शरद तिवारी , औद्योगिक संबंध मनीष श्रीवास्तव एवं मेंन पावर के अधिकारी उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान महिलाओं ने स्पष्ट रूप से यह कहा कि रोजगार देने के नाम पर आपने भूमि ली है । रोजगार देने हेतु सत्यापन कराया है । रोजगार देना पड़ेगा , अन्यथा हमारा यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा । पीड़ित लोगों की बातों को सुनकर अधिकारियों ने यह कहा कि यह विषय डायरेक्टर टेक्निकल (योजना परियोजना) के अधिकार क्षेत्र का है । अभी अधिकारी उपस्थित नहीं है शीघ्र ही बैठक कराकर निराकरण हेतु प्रयास किया जाएगा । अधिकारियों ने आंदोलन समाप्त करने का निवेदन किया । डायरेक्टर योजना परियोजना से सप्ताह भर के बीच बैठक में निर्णय नहीं आने पर पुनः आंदोलन जारी किया जाएगा । बैठक उपरांत आंदोलन को स्थगित कर दिया गया । अधिकारियों से वार्ता के दौरान हेमलाल श्रीवास , परमेश्वर बिंझवार, रूपचंद डिक्सेना, बचन बाई , जेठिया बाई, सन्तोष श्रीवास नवा अंजोर भूविस्थापित समिति से ब्रजेश श्रीवास, प्रताप सिंह, सन्तोष राठौर उपस्थित रहे ।



## पूर्व सांसद महतो की मनाई गई जयंती, कोसाबाड़ी मंडल में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में रहे, सुविख्यात चिकित्सक, कोरबा जिले के प्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष, कोरबा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद स्वर्गीय डॉक्टर बंसीलाल महतो जी की जयंती आज कोरबा जिले में विभिन्न स्थानों पर मनाई गई। इसी तारतम्य में कोरबा जिले के कोसाबाड़ी मंडल अंतर्गत पोड़ी बहार मुक्तिधाम में भाजपा जिला एवं मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्ष रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में अमरूद, कटहल, नीम, आम, आवला, सहित कई फलदार एवं उपयोगी वृक्षों के पौधे रोपित किए गए। वही उपरोक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री संदीप सहगल, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, मीडिया सह प्रभारी पवन सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, मंडल महामंत्री दिनेश वैष्णव, उपाध्यक्ष राजेश राठौर, पूनीराम साहू सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले के दर्री क्षेत्र में बने पीएम आवास का भी होगा आवंटन

कोरबा । कोरबा नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कॉरपोरेशन साइट दर्री में निर्मित आवासीय फ्लैट के लिए आवेदन की तिथि 18 जुलाई तक बढ़ा दी है। यहां 103 आवासीय फ्लैट हैं। आवेदन निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में जमा कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों का आवंटन की प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की वजह से प्रक्रिया रुक गई थी। योजना के तहत फ्लैट सिस्टम से मकान बनाए गए हैं। दर्री में भूतल में 19 तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थलों पर 28-28 फ्लैट हैं। प्रत्येक फ्लैट का कॉर्पोरेट एरिया 325 वर्ग फुट है।

# उठाईगिरों ने कई लाख के आभूषण पार कर दिए वाहन का शीशा तोड़कर

**जांजगीर चांपा।** नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा के साप्ताहिक बाजार से शनिवार की शाम लाखों के चांदी के जेवर की उठाईगीरी का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने वाले युवक बाइक में आए और एसयूवी का शीशा तोड़कर चांदी के तकरीबन 10 किलो के जेवर पार कर दिए। नवागढ़ पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम सेमरा में शनिवार को साप्ताहिक बाजार था। बाजार में क्षेत्र के सोने-चांदी के जेवर की दुकान लगाने वाले व्यवसायी भी पहुंचते हैं। हर बार की तरह सेमरा के साप्ताहिक बाजार में शनिवार को चांपा का व्यवसायी राजू सोनी अपनी एसयूवी से चांदी के जेवर लेकर पहुंचा था। व्यवसायी इस दौरान वाहन से उतरा और अपनी दुकान लगाने की तैयारी में था।

इसी दौरान बाइक में सवार दो युवक अपने सिर में स्कार्फ बांधे हुए थे। उन्होंने कार का शीशा तोड़कर बोलेरो में रखे जेवर को लेकर भाग निकले। घटना की सूचना पुलिस को मिली। नवागढ़ टीआई भास्कर शर्मा मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। फिलहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**लुटेरों के हाथ नहीं लगे सोने के जेवर**

पुलिस के अनुसार व्यवसायी ने चांदी के तकरीबन 10-11 किलो के जेवरों को एक थैले में ही रखा था। वहीं सोने के जेवरों को सुरक्षित जगह पर रखा था। वारदात को अंजाम देने वाले युवकों ने केवल चांदी के जेवरों को लूट पाए। लूट हुए जेवरों की कीमत तकरीबन 9 से 10 लाख रुपए बताई जा रही है। व्यवसायी से जेवरों की उठाईगीरी हुई है। जेवर की अनुमानित कीमतों का आकलन किया जा रहा है। मामले की जांच के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

## तरौद विद्यालय में शिक्षकों ने प्रारंभ की पर्यावरण वाटिका

**जांजगीर।** झालरौंदा के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शिक्षकों ने स्कूल वाटिका की शुरुआत की। शिक्षिका चंचला चन्द्रा ने स्कूल वाटिका के बारे में बताया कि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना, विभिन्न प्रकार के पौधों की जानकारी बच्चों को उनके उपयोगिता के साथ देना और विद्यालय में हरियाली लाना है। इस कार्यक्रम में शिक्षिका ने पौधे लगाने के लिए गमलें दए। इन गमलों में पौधे लगाकर विद्यालय को वापस दिया जाता है। गमला को लगाने वाले के नाम से चिह्नांकित करके रखा जाता है। अभी तक विभिन्न प्रकार के 15 पौधे विद्यालय को प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम का लक्ष्य शैक्षणिक सत्र के अंत तक 200 गमलों में पौधे लगाना है। कार्यक्रम में ग्राम के उपसरपंच फिरत राम चौहान, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### 1.84 करोड़ स्वीकृत किये है प्रदेश सरकार ने

# जोगीडीपा के पास नाला में पुल नहीं बनने से जोखिम मोल लेने की मजबूरी

**जांजगीर चंपा।** बारिश के दिनों में तो लोग जान हथेली में रखकर चलने मजबूर होते हैं क्योंकि नाला में पानी भरा होता है लेकिन पार करने की मजबूरी भी है क्योंकि दूसरा रास्ता लेने पर 25 से 30 किमी घूमकर जाना पड़ता है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का शासन-प्रशासन और ठेकेदारों के प्रति गुस्सा इसलिए भी पूरी तरह से जायज है क्योंकि इस नाला में अब तक पुल बन जाना था। सरकार ने 1.84 करोड़ रुपए की मंजूरी भी दे रखी है और भूमिपूजन भी हो चुका है पर अब तक यहां पुल बनाने के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी जा सकी है। गौरतलब है कि मार्च 2023 में विधायक इंदू बंजारे ने अपने विधायक निधि से पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम जोगीडीपा-मुरली के बीच पुल बनाने के लिए स्वीकृति दी थी। इसके लिए 1 करोड़ 84 लाख रुपए की प्रशासकीय मंजूरी दी थी। पुल बनाने के लिए निर्माण एजेंसी पीडब्लयूडी विभाग को बनाया गया। विभाग ने टेंडर भी निकाला और टेंडर भी हो गया। इसके बाद



पूर्व विधायक इंदू बंजारे के हाथों बकायदा पुल निर्माण का भूमिपूजन भी कराया गया। 4 अक्टूबर 2023 को भूमिपूजन हुआ। लेकिन इसे विडंबना ही कहे कि भूमिपूजन हुए आज नौ माह गुजर गए। निर्माण के नाम पर एक ईंट तक नहीं रखी जा सकी।

**25 से 30 किमी दूर घूमकर जाने की मजबूरी**

जोगीडीपा-मुरली के बीच पुल बन जाने से दर्जनभर गांवों के बीच की दूरी मिट जाएगी। जोगीडीपा, मुरली, पौना, सेवई, खपरी, लगरा, सिल्ली, चोरभट्ठी, पकरिया, नवागांव के ग्रामीणों को 20 से 25 किमी घूमकर आना-जाना नहीं पड़ेगा। ग्राम जोगीडीपा के कॉलेज के पढने वाले युवा नंदकुमार दिनकर ने बताया कि वे टीसीएल कॉलेज जांजगीर के छात्र हैं। पुल नहीं बनने से अभी 25-30 किमी घूमकर कॉलेज जाना पड़ता है। पुल बन जाने से यह दूरी 15 किमी तक हो जाएगी।

**बाइक, साइकिल निकालते हैं ग्रामीण**

नाला में पानी कम होने पर तो ग्रामीण नाला से आना-जाना कर लेते हैं पर बारिश के दिनों में चार माह रास्ता अवरूद्ध हो जाता है। फिर भी घुटनेभर तक पानी चलने पर रोज नाला को जान जोखिम में डालकर पार करते हैं। पैदल के ही नहीं बल्कि लोग बाइक और साइकिल तक पार कराते हैं।

ग्रामीणों की तकलीफ को देखते हुए पूर्व विधायक ने अपनी निधि से पुलिया बनाने मंजूरी दी थी पर ठेकेदार ने आज तक निर्माण तक शुरू नहीं किया गया। इसके चलते जान जोखिम में डालकर आना-जाना करने मजबूर हो गए हैं।

लता लहरे, सरपंच, जोगीडीपा

जोगीडीपा-मुरली के बीच पुल निर्माण के संबंध में संबंधित एसडीओ से जानकारी ली जाएगी। जो भी समस्या है उसे दूर कर तत्काल इस दिशा में काम आगे बढ़ाया जाएगा।

केपी लहरे, ईई पीडब्ल्यूडी जांजगीर-चांपा

## 16 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों ने बीएड और डीएलएड की परीक्षा दी

**जांजगीर - चांपा।** प्री बीएड और प्री डीएलएड की परीक्षा 30 जून को दो पालियों में हुई। प्री बीएड के लिए जिले में 33 और प्री डीएलएड के लिए 43 केंद्र बनाए गए थे। प्री बीएड की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक और प्री डीएलएड की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 4.15 बजे तक हुई। इस परीक्षा के दोनों पालियों को मिलाकर 16784 परीक्षार्थी उपस्थित थे। जबकि 11661 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

प्रदेश के बीएड कालेजों में प्रवेश के लिए प्रीडीएड की परीक्षा सुबह की पाली में 33 केंद्रों में हुई। इन केंद्रों में 12 हजार 225 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 6738 लोगों ने परीक्षा दी जबकि 5487 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इसी तरह दोपहर की पाली में प्री डीएलएड की परीक्षा हुई। यह परीक्षा 43 केंद्रों में हुई। पंजीकृत 16 हजार 220 परीक्षार्थियों में से 10 हजार 46 परीक्षार्थी ही शामिल हुए।

जबकि 6174 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा के प्रमुख स्कूल कालेजों के अलावा खोखरा, नवागढ़, कुटरा, तिलई, बनारी, लछनपुर व अन्य गांवों के स्कूल कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा में दोनों पालियों को मिलाकर 16784 परीक्षार्थी उपस्थित थे। जबकि 11661 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। व्यापमं द्वारा फ्री में परीक्षा लिए जाने के कारण बड़ी संख्या में परीक्षार्थी फार्म तो भर देते हैं मगर परीक्षा में शामिल नहीं होते हैं। इससे व्यापमं को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। प्रश्न पत्र , ओएमआर सीट बेकार चले जाते हैं। वहीं अत्यधिक केंद्र बनाए जाने के कारण केंद्राध्यक्ष, आब्जर्वर और वीक्षकों को भी ड्यूटी की राशि भुगतान करना पड़ता है। फार्म भरकर परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले परीक्षार्थियों के लिए नियम बनाया जाना चाहिए। परीक्षा के दिन जिला मुख्यालय और चांपा की सड़कों में परीक्षार्थियों और उनके पालकों की भीड़ रही । जिला मुख्यालय के लिंक रोड में आधा दर्जन से अधिक स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

# निकासी की व्यवस्था नहीं, जलभराव जारी

**अकलतरा।** नगर में आज सुबह से जारी बारिश से नगर के वार्ड नंबर 2 जय हिंद नगर में नगर पालिका परिषद ने बारिश के पहले वार्ड की गलियों की नाली की सफाई नहीं करवाने के साथ-साथ पानी निकासी के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की है। इससे बारिश का पानी गली में पूरी तरह भर गया। बारिश के गंदे पानी का जमाव होने से वार्ड के लोगों को गंदे पानी के बीच आवागमन करना पड़ रहा है।

जयहिन्द नगर निवासी जीएस राजवाड़े ने बताया कि वार्ड में बारिश के पहले नगर पालिका कार्यालय को नालियों की सफाई के साथ-साथ पानी के निकासी की जानकारी देने के बाद भी नाली की सफाई नहीं कराई गई। नगर में बारिश होने पर वार्ड की गलियों में बारिश के गंदे पानी का जमाव हो रहा है। इससे वार्ड के लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में निवासरत एनएस गभेल ने बताया कि वार्ड की नालियों की सफाई नहीं होने के साथ नाली कई जगह क्षतिग्रस्त होने से बारिश के



दूषित पानी का बहाव नाली में नहीं होने से पानी भी सड़क में जमा हो रहा है।



## खिसोरा में एफएलएन प्रशिक्षण का समापन

**बलौदा।** नई शिक्षा नीति के तहत भाषायी व संख्यात्मक दक्षता आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण जोन क्रमांक 2 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खिसोरा, बलौदा में तीन चरणों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जोन प्रभारी प्राचार्य एमपी सिंह व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसआर.खांडे ने बच्चों को भाषायी व संख्यात्मक कौशल पर दक्ष करने के लिए मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण के डीआरजी हेमंत साहू, संगीता यादव व साथ ही सहयोगी सीएसी झचेन्द्र कुर्रे ने भाषा, गणित के विभिन्न कौशलों, स्कूल रेडीनेस, पुस्तकालय, ई जादुई पिटारा व नवाजतन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार गौतम व व्याख्याता रूद्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों को तन्मयता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया व प्रशिक्षण के सफल आयोजन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खिसोरा के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

## शा हाई स्कूल परसदा खुर्द में मना शाला प्रवेश उत्सव

**सक्ती।** शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द में हर्षोल्लास से प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, सरपंच अनिता साहू, पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश महंत, एडवोकेट अनिल साहू, पंच, पालक, प्राचार्य व समस्त स्टाफ की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। 10वीं व 9वीं के मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की गाइड यूनिट ने शिक्षा प्रेरणा नृत्य के माध्यम से सभी को शिक्षा का अलख निरंतर प्रज्ज्वलित रखने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय परिसर में अतिथियों व पालकों ने वृक्षारोपण करते हुए प्रकृति के प्रति सजगता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सविता चौधरी ने अतिथियों व नव प्रवेशी बच्चो का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। सहयोग में स्टाफ से विनीता राठौर, सुरेन्द्र साहू, दुलार साय कुर्रे, सुरेन्द्र सिदार, शकुन्तला पटेल, मंजू चौहान, सुकदेव, राजेश्वर स्काउट व गाइड छात्र उपास्थित रहे।

# श्री श्याम मनोहर मंदिर में 7 से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**अकलतरा।** अकलतरा खाटू धाम राजस्थान से श्री श्याम के विग्रह व श्याम ज्योति के नगर आगमन पर श्री श्याम भक्त मंडल ने श्री श्याम के विग्रह व श्याम ज्योति को नगर के स्टेशन रोड में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में स्थापित करने के साथ प्रतिदिन सुबह शाम मंगल आरती करने के साथ-साथ पूजा अर्चना की जा रही है। श्री श्याम भक्त मंडल ने बताया कि नगर के अग्रसेन नगर में श्री श्याम मनोहर मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 7 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित होगा। 7 जुलाई को पंचदेव मंदिर से श्री श्याम मनोहर मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकालने के साथ श्री श्याम मनोहर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ होगा। 8 को सुप्रसिद्ध भजन गायिका निहारिका पुरोहित, चैतन्य दधीच व ऋतुराज अग्रवाल द्वारा श्याम भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

9 को सौरभ शर्मा संध्या तोमर व आशी अमिशी, 10 को निखिल श्याम अंश शर्मा, पंकज सोनी, 11 को शुभांगी सोनी प्रकाश मिश्रा, अमोल शुभम, 12 को अमित अग्रवाल कोमल चोपड़ा व अमन अग्रवाल द्वारा श्याम भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। 8 से 12 जुलाई तक श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से श्री श्याम मनोहर मंदिर के सामने आयोजित होगा। 12 जुलाई को श्रीधाम वृंदावन के आचार्य पंडित कृष्ण चंद्र शास्त्री के सानिध्य में दोपहर 12.29 बजे शुभ मुहूर्त में मनोहर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व महाआरती का कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री श्याम भक्त मंडल द्वारा श्री श्याम मनोहर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए प्रतिदिन बैठक आयोजित करने के साथ-साथ सदस्यों को जिम्मेदारी प्रदान करने के साथ-साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए लोगों को आमंत्रित करने के साथ-साथ प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।



## झमाझम बारिश: नेहरू चौक पर भरा पानी

**बाराद्वार।** शनिवार की सुबह हुई बारिश से एक ओर लोगो को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, तो दूसरी ओर नेहरू चौक के पास पानी निकासी नहीं होने के कारण जल जमाव होने से आसपास रहने वाले लोगों व राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाराद्वार एनएच में सड़क निर्माण होने के बाद नगर के नेहरू चौक के पास से बस्ती के अंदर आने वाले मार्ग का लेबल नीचे हो गया हैं, जिस कारण से बारिश होने पर नेहरू चौक में पानी का भराव हो जाता है। जल भराव इतना अधिक होता है कि कई घरो में भी पानी भर जाता है, जिससे मोहल्ले के लोगो सहित राहगीरों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। मोहल्ले के लोगो ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से नेहरू चौक के पास पानी निकासी की व्यवस्था करते हुए जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## असौंदा गांव में सामान्य विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट, प्रकरण दर्ज

**सक्ती।** एक गांव में बच्चों के विवाद पर दो परिवारों ने एक-दूसरे पर डंडे से हमला कर दिया। दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामला सक्ती के असौंदा का है। रामेश्वर साहू ने गांव के इतवारी साहू, बालेश्वर व पूरन के खिलाफ एफआईआर लिखवाई। उसने बताया वह मजदूरी करता है। 28 जून को घर के सामने आकर इतवारी, बालेश्वर, पूरन पहुंचे और बच्चों की लड़ाई की बात को लेकर गाली गलौज कर मार डालने की धमकी दी। इसके बाद मारपीट की, जिससे उसे और उसके परिवार को चोटें आई है। मामले में दूसरे पक्ष की ओर से नंदनी साहू ने गांव के ही रामेश्वर साहू व ननकी साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बच्चों के बीच हुए झगड़े के कारण विवाद होना बताते हुए दूसरे पक्ष के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया।

## घर पहुंचकर पुलिस ने किया पासपोर्ट सत्यापन

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक सक्ति सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में



डीएसबी शाखा पुलिस अधीक्षक कार्यालय सक्ति में लोगों की सहायता के लिए ऑनलाइन चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य सेवाएं दी जा रही हैं। सक्ती नगर की एक बुजुर्ग महिला, जिसका पासपोर्ट वेरिफिकेशन किया जाना था। जो बुजुर्ग व आने जाने में असमर्थ थी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जब यह जानकारी मिली तो पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग महिला नजमा बेगम पति लाल मोहम्मद खान उम्र 75 वर्ष के स्टेशनपारा स्थित निवास स्थान पर जाकर पासपोर्ट वेरिफिकेशन किया और फाइल तत्काल पासपोर्ट कार्यालय रायपुर भेज दी।

## करनौद में वज्रपात से एक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** बिर्रा गांव की बाड़ी में लगी फसल को देखने गए करनौद के किसान की गाज की चपेट में आने से मौत हो गई। बिर्रा पुलिस के अनुसार घटना की शाम लगभग 7 बजे की है। करनौद निवासी सूदन कुम्हार 55 वर्ष करनौद के बिजली आफिस के पास बाड़ी में गन्ना का फसल लगाया है, जिसे देखने के लिए गए थे, जब बारिश शुरू हुई तो वही के पास में एक पेड़ के नीचे टीन के रूम में खड़े थे। लगातार बारिश थमने का इंतजार कर रहे थे, तभी पेड़ पर गाज गिर गई। इससे सूदन कुम्हार की मौके पर ही मौत हो गई, उधर उसके पुत्र भतीजे देर रात होने से वापस नहीं आने से खोज के लिए घर से निकले, जब बाड़ी की ओर गए तो पता चला कि गाज गिरने से उसकी मौत हो गई।

## विद्यालय में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**शिवरीनारायण।** आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसमें नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तक बांटकर गुलाल लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्कूल में प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी ने दसवीं-बारहवीं के अच्छे परीक्षा फल पर खुशी ज़ाहिर करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी। प्राचार्य बीके देवांगन ने बच्चों को नियमित उपस्थिति एवं पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत परिणाम लाने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि पार्षद मनोज तिवारी व पार्षद निरंजन कश्यप थे।

## झूलेलाल महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया सिंधी समाज ने



**अकलतरा।** पूज्य सिंधी समाज की बैठक सिंधी धर्मशाला में हुई। बैठक में सिंधी धर्मशाला के पास निर्माणाधीन भगवान झूलेलाल मंदिर के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए समाज के अन्य कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में नगर में 20 जुलाई से 28 अगस्त तक 40 दिवसीय श्री झूलेलाल चालीहो महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

20 जुलाई को चकरभाठा के संत श्री लाल दास महाराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर 40 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। प्रतिदिन सिंधी समाज के लोगों ने सुबह शाम मंगल आरती करने के साथ-साथ पूजा अर्चना की जाएगी। 20 अगस्त को सामूहिक जनेऊ संस्कार का आयोजन होने के साथ-साथ 28 अगस्त को 40 दिवसीय महोत्सव के समापन पर सुबह 11 बजे सिंधी धर्मशाला में भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना व आरती, दोपहर 1 बजे से लंगर का आयोजन किया गया।

शाम 5 बजे अखंड ज्योत के साथ भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष केके चंदवानी व उपाध्यक्ष नरेश हरगुनानी ने बताया कि पूज्य सिंधी समाज, झूलेलाल सेवा समिति व झूलेलाल महिला सेवा समिति ने नगर में विगत 9 वर्षों से श्री झूलेलाल चालिहो महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 20 जुलाई से 28 अगस्त तक 40 दिवसीय महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा आयोजन को लेकर समाज की बैठक आयोजित करने के साथ आयोजन को लेकर समाज के लोगों को जिम्मेदारी प्रदान की गई, बैठक में पीताम्बर लाल चंदवानी,नानक रोहरा,होला राम चंदवानी, रमेश माधवानी, गोपाल मंगलानी, रवि रंगवानी, जयप्रकाश चंदवानी, महेश माधवानी, अनिल सादीजा, विनोद होतचंदवानी, कैलाश वाधवा, मुकेश नागदेव, दीनू चंदवानी , दीपक माधवानी, अजय चंदवानी, राजेश डंगवानी, रोहित अरोरा, रवि नागदेव, दीपेश चंदवानी, गोलू वरनदानी एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 54 करोड़ के रेल ओव्हर ब्रिज का काम अब तक नहीं हो सका पूरा

**जांजगीर चंपा।** चांपा कोरबा रोड रेलवे स्टेशन चांपा में 54 करोड़ रुपए में बने वाय सेप ओवर ब्रिज की गुणवत्ता की पोल दो साल में ही दिखने लगा है। दरअसल, आरओबी का सरिया बाहर आ गया है। मुख्य जॉइंट पर बाहर आया ये सरिया बड़ी दुर्घटना निमंत्रित कर रहा है। यूं तो इस ओवर ब्रिज को निर्मित हुए 1 साल से कुछ वक्त ही ज्यादा हुआ होगा और मात्र इतने कम समय में ओवर ब्रिज का क्षतिग्रस्त होकर सरिया का बाहर आज जाना निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। गौरतलब है कि बिर्रा फाटक में बीते 9 वर्ष से अधिक समय से निर्मित 54 करोड़ की लागत से निर्मित हुआ यह ओवर ब्रिज कहीं-कहीं पर धस भी गया है। जिसके कारण बने गड्ढे से यहां से गुजरने वाले वाहनों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। ओवरब्रिज के पास रहने वाले रुपेश गर्ग ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान ही ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया गया है। जिसकी शिकायत मोहल्ले वासियों ने कई बार कलेक्टर और विधायक एवं स्थानीय नेताओं से की लेकिन फिर भी किसी ने इस और ध्यान नहीं दिया। जानकारों का मानना है कि यदि ओवर ब्रिज के सरिया से वहां का टायर फटता है तो वाहनों के अनियंत्रित होकर ओवर ब्रिज से नीचे गिरने की पूरी संभावना है।



## भारत बना विश्व विजेता, नगर में उत्साह दिखाया

**सक्ती।** टी-20 के क्रिकेट मैच में भारत की जीत पर नगर में देर रात तक पटाखे फोड़े गए। साथ ही युवाओं एक दूसरे को फोन और सोशल मीडिया के अलाव भारत की जीत पर एक दूसरे के बीच खुशियां बांटी। टी-20 के फाइनल मैच में भारत व साउथ अफ्रीका के बीच क्रिकेट मैच पर सुबह से ही नगर में खासकर युवाओं में मैच देखने भारी लालसा के साथ क्रिकेट मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, जैसे ही 8 बजे क्रिकेट मैच शुरू हुआ, वैसे ही शहर की रोड में सन्नाटा छा गया। जैसे ही भारत जीती वैसे ही नगर के हर चौक-चौराहों व बिल्डिंग के ऊपर पटाखे की आवाज सुनाई देने लगी। साथ ही नगर में युवाओं अपने अपने वाहनों से नगर में निकलकर भारत जीत का जश्न मनाने लगे।

नगर में दिन पर चर्चा यह भी रही कि जो सट्टा बंद हो गया था, वो भारत व साउथ अफ्रीका की फाइनल मैच में धड़ल्ले से नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जोरो से चला व सट्टा खेलाने वालों को लगभग 10 करोड़ रुपए का नुकसान होने की चर्चा नगर में है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि नगर में सट्टा शुरू हो चुका हे, परंतु पुलिस अधिकारियों का अब भी यही कहना है कि शहर में सट्टा बंद हो गया, पर क्रिकेट फाइनल मैच के दौरान जिस तरह बोलियां लगाई जा रही थी,वह सबूत के तौर पर पर्याप्त माना जा सकता है।

## अनमोल वचन......

**अपनी नजर सिर्फ उसी चीज़ पर रखो जिसे तुम पाना चाहते हो, उस पर नहीं जिसे तुम खो चुके हो!**

## सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख

*भारत के संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की परंपरा वर्षों पुरानी है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद, पहले सत्र में सदस्यों के शपथ ग्रहण करने और सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है। यह अभिभाषण सरकार का नीति वक्तव्य होता है। इसमें सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख रहता है, इसलिए सरकार के द्वारा ही इसके मसौदे को तैयार किया जाता है। परंपरा तो यह रही है कि इस सबसे गरिमापूर्ण औपचारिक कार्यवाही के दौरान विपक्ष शांतिपूर्ण ढंग से इसे सुनता है। अभिभाषण के बाद जब सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो विपक्षी सांसदों को अपनी आपत्तियों और असहमतियों को दर्ज कराने का अवसर मिलता है लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ वर्षों से राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों के सांसद सदन में शोरगुल करते हैं और हंगामा बरपाते हैं। अठारहवीं लोक सभा में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र किया तो विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति को निवेदन करना पड़ा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से उनके अभिभाषण को सुनें। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस समय के सबसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दे के रूप में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है और इसे रोकने के लिए कड़े उपाय कर रही है। जाहिर है कि पेपर लीक का मामला सीधे-सीधे देश के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। निश्चित रूप से सरकार को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राष्ट्रपति ने युवाओं की बात को आगे बढ़ाते हुए जब यह कहना शुरू किया कि सरकार की कोशिश है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिले तो उनके इतना भर कहने पर विपक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने पच्चीस जून, 1975 को देश की जनता पर आपातकाल थोपे जाने की घटना को संविधान और लोकतंत्र पर बड़ा हमला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय हासिल की क्योंकि भारत के मूल्यों में गणतंत्र की ही परंपराएं हैं।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको ऑफिस में एक्स्ट्रा काम करना पड़ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा, आप कुछ नया सीखेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई गिफ्ट दे सकते हैं, आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आप अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं, इससे समाज में आपका नाम होगा। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया है। आज आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिलने के योग हैं। आप लवमेट के साथ मूवी देखने का प्लान करेंगे। आप घर की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी करेंगे,

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करने में सफल होंगे। पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा.. आप कम्प्यूटर कोर्स सीखने के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको बड़े भाई-बहनों से पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके पास नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, घरवालों के सहयोग से आप हर काम को अच्छे से संभाल लेंगे। आप घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी भी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिए सलाह ले सकता है, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि लेंगे। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है, उनके साथ आप कुछ बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं, आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी कस्टमर से आपको अच्छा धन लाभ होगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको अपनी कार्य कुशलता को बढ़ाने की जरूरत है। आज आप करियर को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिए आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज आप जीवनसाथी व बच्चों के साथ शॉपिंग के लिए जायेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज बच्चों के किसी काम में आपका ज्यादा खर्च हो सकता है। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आप पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ेंगे, आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम पूरी एकाग्रता से करेंगे। जो लोग शादी-शुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं, आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज के दिन आपको काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस फ़ील्ड से जुड़ी हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं। फल से जुड़े बिजनेस कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करने से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह मिलेगी। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप किसी बात में बेवजह उलझे रहेंगे। काफी समय से जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी कंपनी से जॉब का ऑफर आएगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा, आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे।परिवार में लोगों के बीच अच्छा ताल-मेल बना रहेगा। शाम को आप परिवार के साथ किसी फंक्शन में जा सकते हैं।

# सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं

//अजीत द्विवेदी//

**लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम दो बार कहा कि सरकार बहुमत से बनती है लेकिन सर्वमत से चलती है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी तीसरी सरकार संसद के अंदर और बाहर भी आम सहमति के साथ काम करेगी। लेकिन पहले सत्र से ही ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि सर्वमत की सिर्फ बातें हैं और असल में सरकार बहुमत से ही चलेगी। शुरुआती लक्षण सरकार के उसी अंदाज में काम करने के हैं, जिस अंदाज में पहले 10 साल नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है। आगे होने वाले राज्यों के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब हो और तब पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव बढ़े तो अलग बात है। लेकिन उससे पहले सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं है। सरकार का कामकाज पुराने अंदाज में ही होता लगता है।**

ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से सरकार के या खुद के कमजोर होने का मैसेज नहीं बनने देना चाहते हैं। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निर्णय करने वाले मजबूत नेता हैं और भले भाजपा की सीटें कुछ कम हो गई हैं लेकिन इससे वे कमजोर नहीं हुए हैं। उनको पता है कि अगर सरकार के या उनको कमजोर होने की धारणा बनी तो सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा, जिससे उनकी पसंद के फैसले करने होंगे। पार्टी के अंदर से आवाजें उठनी शुरू होंगी, जिससे निपटना आसान नहीं होगा और अगर एक बार विपक्ष के मुंह में खून लग गया तो हर मसले पर वह सरकार को झुकाने या आम सहमति बनाने के लिए बाध्य करेगी। तभी बिल्ली पहली रात को मारी जाती है' वाली कहावत के हिसाब से नरेंद्र मोदी ने तमाम विरोध और दबावों को पहले सत्र में ही दरकिनार कर दिया। उन्होंने बता दिया कि सरकार पुराने ढर्रे पर ही चलती रही है। हालांकि राज्यों के चुनाव नतीजों से इस स्थिति में बदलाव आ सकती है।

बहरहाल, स्पीकर के तौर पर ओम बिरला की वापसी इस बात का संकेत है कि संसद वैसे ही चलेगी, जैसे पहले चलती रही है। विपक्षी पार्टियों ने स्पीकर के पद पर बहुत राजनीति की। उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टियों को उकसाने का भी काम किया। लेकिन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और नीतीश कुमार की जनता दल यू ने विपक्ष की ओर से फेंका गया चारा नहीं निगला। वे चुपचाप पड़े रहे और सरकार का समर्थन किया। विपक्ष ने यह दांव भी चला कि सरकार परंपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे तभी स्पीकर पद पर आम सहमति बनेगी। यह बात खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ ने टेलीफोन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कही। लेकिन सरकार ने इसकी अनदेखी की और ओम बिरला को स्पीकर का उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से कोडिकुन्निल सुरेश को उम्मीदवार बनाया लेकिन चुनाव के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। पिछली लोकसभा में सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाने वाले ओम बिरला से स्पीकर बन गए हैं और डिप्टी स्पीकर का पद पहले की तरह खाली रखा गया है। विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। इसी तरह दूसरा फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी है। संसद के सत्र के दौरान हुई गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जाने वाली है। गौरतलब है कि केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति से जुड़े घोटाले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था। उसके बाद 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि को छोड़ कर बाकी समय वे जेल में रहे। अप्रैल के पहले हफ्ते में ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद ही कहा जा रहा था कि सीबीआई उनको हिरासत में लेगी। लेकिन सीबीआई ने उनको हिरासत में नहीं लिया।जब निचली अदालत से उनको जमानत मिली और ऐसा लगा रहा था कि सुप्रीम कोर्ट से भी उनको जमानत मिल सकती है तब सीबीआई ने उनको गिरफ्तार करके रिमांड पर ले लिया। जाहिर है इसका मतलब उनको लंबे समय तक जेल में रखना है। सोचें, सरकार को पता है कि संसद का सत्र चल रहा है और विपक्ष बहुत मजबूत है फिर भी एक विपक्षी नेता और एक राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई हुई है। इस एक कार्रवाई से आगे का रोडमैप दिखने लगा है। असल में भाजपा को अपने उस वोट बैंक की चिंता करनी है, जो विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट मानता है और कार्रवाई से खुश होता है। इसलिए संभव है कि आने वाले दिनों में दूसरे विपक्षी नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई जारी रहे। प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार में इसका वादा भी किया था।इन दो फैसलों के अलावा एक चुप्पी भी बताती है कि सब कुछ पहले जैसा ही चल रहा है। ध्यान रहे नरेंद्र मोदी के 10 साल के राज की खास बात यह रही है कि जब भी कोई बड़ा घटनाक्रम होता है तो प्रधानमंत्री चुप हो जाते हैं। वे उस पर बयान नहीं देते हैं। विपक्ष उनके बोलने की मांग करता रहा है और वे चुप्पी ओढ़े रहते हैं। बाद में कभी अपनी सुविधा के हिसाब से उस पर बयान देते हैं। जैसे मणिपुर 14 महीने से जातीय हिंसा की चपेट में है। मई 2023 में हिंसा शुरू होने करीब दो महीने बाद संसद के मॉनसून सत्र से पहले प्रधानमंत्री ने संसद परिसर में इस पर बयान दिया था। उसके बाद फिर उन्होंने चुप्पी साध ली। इसी तरह की चुप्पी उन्होंने मेडिकल दाखिले के लिए हुई नीट की परीक्षा और अन्य प्रतियोगिता व प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक पर साधी हुई है।नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की अनेक गड़बडियां सामने आई हैं और कई परीक्षाएं रद्द हुई हैं। लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई बयान नहीं दिया। सो, फैसले भी पुराने एकतरफा अंदाज में हैं। चुप्पी भी पहले जैसी चुनिंदा है। ट्रेन एक्सीडेंट और उस पर किसी की जिम्मेदारी तय नहीं होना, उलटे रेल मंत्री का मोटरसाइकिल पर बैठ कर रील बनवाना भी पहले जैसा ही चल रहा है। विपक्ष भले कहता रहे कि प्रधानमंत्री की नैतिक हार हुई है लेकिन भाजपा के नेता 240 सीटों को ऐतिहासिक जीत बता रहे हैं और सहयोगी पार्टियां चुपचाप सरकार के हर फैसले में शामिल हैं। सो, कम से कम अभी सरकार कोई समझौता करती या किसी दबाव में आती नहीं दिख रही है।

# खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब

//श्रुति व्यास//

**दुनिया बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन राईट (दक्षिणपंथ) को राईट (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़े जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंधन बना रहे हैं।**

बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज़ में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, ÷हम से बच कर रहो÷।

कल व्लादिमीर पुतिन अपने अज़ीज़ दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था।दोनों नेताओं को एक-दूसरे से जोडऩे वाला एक तार है। और यह तार उन्हें एक दूसरे का पूरक भी बनाता है। दोनों खलनायक हैं और इसलिए दोनों में अच्छी पटेगी। दूसरे, दोनों दुनिया से अलग-थलग है। इसलिए अपने अकेलेपन को दूर करने में एक-दूसरे के मददगार बन सकते हैं। दुनिया दोनों पर तरह-तरह के प्रतिबन्ध लगा कर परेशान कर रही है। ऐसे में भला वे मिलकर पलटवार क्यों न करें। उत्तर कोरिया में रूस के राजदूत एलेग्जेंडर मात्सगोर ने शायद भविष्य को ध्यान में रख कर ही कहा है कि यह साल दोनों देशों के बीच भागीदारी के नए आयाम स्थापित करेगा। पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। दोस्ती के सारे नाटक के बावजूद, सच यह है कि दोनों देश एक-दूसरे को फूटी आँखों नहीं सुहाते। मगर इन दोनों के बीच बढ़ता भाईचारा दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और खतरे की घंटी भी। महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि जहाँ रूस से लड़ाई जारी रखने के लिए यूक्रेन को हथियार आदि सप्लाई करने के मुद्दे पर पश्चिम के खेमे में विवाद और मतभेद हैं, वहीं उत्तर कोरिया, रूस के भाई की भूमिका बहुत अच्छे से निभा रहा है। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण मगर सच है कि किम जोंग अपने बड़े भैया पुतिन की हर तरह से मदद कर रहे हैं ताकि वे युद्ध लड़ते रहें और युद्ध का इलाका बढाते रहें। उत्तर कोरिया ने सोवियत संघ के दौर की तोपों और टैंकों में इस्तेमाल होने वाले दसियों लाख गोला-बारूद रूस को उपलब्ध करवाए हैं। साथ ही उसने रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें और युद्ध में काम आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी निर्यात किये हैं। इससे यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को मदद मिली है। उत्तर कोरिया की केन्द्रीय न्यूज़ एजेंसी के लिए लिखे गए एक लेख में पुतिन ने किम और उत्तर कोरिया की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा है कि उत्तर कोरिया, यूक्रेन में युद्ध में मजबूती से रूस के साथ खड़ा है।

बदले में रूस ने भी बड़े भैया के कर्त्तव्य निभाए। उसने उत्तर कोरिया को सहायता भी दी और समर्थन भी। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और उसके बाद महामारी के दौर में पुतिन ने किम का पूरी तरह साथ दिया। रूस के साथ व्यापार के चलते उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई। पिछले कुछ महीनों में कृषि, संस्कृति, सुरक्षा और तकनीकी जैसे मामलों के विशेषज्ञों के अनेक प्रतिनिधिमंडलों का दोनों देशों में आना-जाना हुआ है। ऐसा बताया जाता है कि उत्तर कोरिया में पर्यटन भी खूब फलफूल रहा है क्योंकि व्लादिवोस्तोक में ट्रेवल एजेंसियां पूरी दुनिया से कटे उत्तर कोरिया को गर्मी की छुट्टियाँ मनाने के लिए आदर्श स्थल के रूप में प्रचारित कर रही हैं। इस सबसे किम योंग की उनके देश में लोकप्रियता बढ़ी है। मगर दोनों देशों की दोस्ती केवल एक-दूसरे की मदद करने तक सीमित नहीं है। उत्तर कोरिया वैश्विक स्तर पर रूस बनाम पश्चिम टकराव में रूस का ख़ास प्यादा है। वह अमेरिका के लिए एशिया में उसकी रणनीति को लागू करना कठिन बनाता आ रहा है तो रूस बहुराष्ट्रीय संगठनों में उत्तर कोरिया की मदद करता है। अभी हाल में रूस ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में एक प्रस्ताव को वीटो किया था जिसमें उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों की निगरानी करने वाले पैनल ऑफ़ एक्सपर्ट्स के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया था। उत्तर कोरिया के साथ नजदीकी बढाकर, रूस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दक्षिण कोरिया, जो हथियारों का बड़ा निर्माता है, यूक्रेन को सीधे हथियार न सप्लाई कर सके।पुतिन और किम की भागीदारी भले ही लेनदेन पर आधारित लगे मगर रूस और उत्तर कोरिया के लिए रणनीतिक कारणों से भी एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना ज़रूरी है। कुल मिलाकर, दोनों देश पश्चिम के नेतृत्व वाले गुट, जो नियम-कानूनों पर आधारित उदारवादी वैश्विक व्यवस्था के पक्षधर है, के बरक्स एक वैकल्पिक राजनैतिक, आर्थिक और साझा सुरक्षा पर आधारित गुट खड़ा करने का प्रयास हैं। इसमें चीन और ईरान भी शामिल हैं। भू-रणनीतिक दृष्टि से उत्तर कोरिया के लिए यह अच्छा ही है कि अमेरिका यूक्रेन में फंसा रहे और इस बीच वह अपने मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को आगे बढ़ा सके। मास्को चाहता है कि कोरियाई प्रायद्वीप अमरीका के लिए चिंता का सबब बना रहे ताकि अमेरिका केवल यूक्रेन युद्ध पर फोकस न कर सके। दोनों देशों की बीच नजदीकियां निश्चित तौर पर बढ़ रही हैं। मगर मुद्दे की बात यह है कि क्या पुतिन अपने मित्र की हथियार निर्माण परियोजना और विशेषकर उनके परमाणु कार्यक्रम का पूरी तरह समर्थन करेंगे। बताया जाता है कि किम का मानना है कि रूस और उनके देश के बीच सैन्य सहयोग उतना व्यापक और गहरा नहीं है जितना वे चाहते हैं। कुछ ज्ञानीजनों का मानना है कि पुतिन, किम का इस्तेमाल केवल तब तक करेंगे जब तक यूक्रेन में युद्ध चलेगा और वे उत्तर कोरिया की खातिर बिग ब्रदर चीन को नाराज़ नहीं करेंगे। दरअसल, चीन ही यह तय करेगा कि रूस और उत्तर कोरिया के बीच सहयोग कितना व्यापक और गहरा हो। अब तक तो शी जिनपिंग यूक्रेन में लडऩे के लिए रूस को कोई ख़ास फौजी मदद मुहैय्या करवाने से बचते रहे हैं और वे उत्तर कोरिया के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम का भी समर्थन नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद, रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ती नजदीकियां और दुष्ट राष्ट्रों का त्रिकोण (अर्थात उत्तर कोरिया, चीन और रूस बनना दुनिया के लिए शुभ नहीं है।

## मोदी सरकार के लिए विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं

तीसरी बार केंद्र में सत्ता में आई भाजपा गठबंधन सरकार के लिए इस बार विपक्ष की अवहेलना करना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष के कारण केंद्र सरकार को अपना रवैया पिछले कार्यकाल की तुलना में नरम रखना होगा। इसका प्रमाण भी लोकसभा में मिल गया। विपक्ष ने जिस तरह के तेवरों से आगाज किया है, सत्तारुढ़ दल उस तरह प्रतिरोध नहीं कर पाया जिस तरह पहले और दूसरे कार्यकाल में किया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पिछले कार्यकाल की तुलना में इस बार की शुरुआत सामंजस्य बिठाने से की है। पिछले कार्यकाल में मणिपुर के मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ने 141 सांसदों को सदन से निलंबित कर दिया था। विपक्ष उस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन में बयान देने की मांग कर रहा था। इसे सत्ता पक्ष ने मंजूर नहीं किया। सदन में कई दिनों तक हंगामे की स्थिति बनी रही। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के सदस्यों को निलंबित कर दिया। विपक्ष का आरोप था कि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की वीभत्स घटनाओं और लगातार होती हिंसा के बावजूद सार्वजनिक बयान देने से कतरा रहे हैं। पीएम मोदी ने मणिपुर की घटना का लोकसभा और सार्वजनिक मंचों का जिक्र तक नहीं किया। इस बार भाजपा गठबंधन सरकार का ऐसी स्थितियों से बचना आसान नहीं होगा। मजबूत विपक्ष की घेराबंदी से सरकार को ऐसे सार्वजनिक मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का भारी दवाब होगा। लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर और भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब द्वारा 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के दौरान एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद नारा लगाया- जय भीम, जय तेलंगाना और फिर जय फलिस्तीन कहा। फिर उन्होंने अल्लाह-ओ-अकबर के भी नारे लगाए। इस पर भाजपा के कई सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की। उन्होंने विरोध दर्ज करवाया।

## तस्वीरों की दुनिया


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक लिमिटेड की 76वीं वार्षिक बैठक को संबोधित किया।


नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन में जनरल मनोज पांडे सीओएएस सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने के अवसर पर आयोजित औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए.


कोलकाता में भारत जकात संतर पथुआ गौंटा के सदस्य 170वें हूल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रैली में हिस्सा लेते हुए।


भारत के विराट कोहली बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप फाइनल मैच में टीम की जीत के बाद ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।


बालटाल मार्ग, सोनमर्ग, गंदेरबल जिले से होते हुए तीर्थयात्री अपनी वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान प्रार्थना करने के लिए अमरनाथ गुफा की ओर जाते हुए।



बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप फाइनल मैच जीतने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए।


# वाराणसी में सपा नेता के घर में बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग, रंगदारी देने से कर दिया था मना- इलाके में दहशत

**वाराणसी।** रंगदारी देने से इन्कार करने के प्रतिशोध में बदमाशों ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम परिक्षेत्र से लगे मीरघाट इलाके में सपा नेता विजय यादव घर में घुसकर मारपीट की और गोलियां चलाईं। हमले और फायरिंग में घायल पांच लोगों को पहले कबीरचौरा स्थित मंडलीय अस्पताल फिर बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।वारदात के बाद भाग रहे बदमाशों में एक ठठेरी बाजार निवासी गोविंद यादव को आस-पड़ोस के लोगों ने पकड़कर पिटाई की और उससे पिस्टल छीन लिया। दशाश्वमेध पुलिस पहुंची तो हमलावर और पिस्टल को उसके सुपुर्द कर दिया।डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पांच हमलावरों के खिलाफ नामजद और करीब 12 अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर फरार आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है। बताया कि गैंगस्टर और एनएसए की कार्रवाई होगी। मीरघाट निवासी सपा के पूर्व जिला महासचिव विजय यादव की श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के पास फूल-माला की दुकान है। विजय ने बताया कि लक्ष्मीकुंड इलाके का अंकित यादव उनसे रंगदारी मांग रहा था, जिसे देने से हम लोगों ने दो टूक मना कर दिया था। अंकित इसी प्रतिशोध में अपने गिरोह के 20 से 25 लोगों के साथ दोपहर में पहले दुकान पर पहुंचा। वहां नहीं



मिलने पर वहां मौजूद परिवार के बच्चे को तमाचा जड़ दिया और मीरघाट हुनमान मंदिर के पास स्थित उनके घर पहुंचा।डर पैदा करने के इरादे से कई राउंड गोलियां चलाते हुए स्वजन पर हमलावर हो उठा। विजय की पत्नी रजनी ने समझाने की कोशिश की तो उनके सिर पर पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल कर दिया। परिवार की ही किरण बचाने दौड़ी तो जांघ में गोली लगने से जख्मी हो गईं।भाई दिनेश के बाएं पैर, उमेश के बाएं पांव और पुत्र शुभम सिर में छर्रा लगा जिससे वे जख्मी हो गए। हो-हल्ला सुन घबराया छह वर्षीय निर्भय यादव बाहर आया तो उसके दाहिने जांघ में भी छर्रा लगा जिससे वह भी जख्मी हो गया।दशाश्वमेध पुलिस पहुंची तो विजय और आस-पड़ोस के लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। दशाश्वमेध पुलिस ने धारा 307, 147, 148, 149, 7 क्रिमनल एक्ट में केस दर्ज किया है। असलहा बरामदगी की धारा में भी पुलिस केस दर्ज करेगी।मीरघाट में सपा नेता के घर हुए हमला और फायरिंग की घटना में छह वर्षीय निर्भय के घायल होने की सूचना पर उसकी मां ज्योति यादव रो उठीं। वह बाइक से बीएचयू के ट्रामा सेंटर जा रहीं थीं, कि रास्ते में किसी तरह बाइक से गिरकर घायल हो गईं। उन्हें शाम पांच बजे ट्रामा सेंटर में ही भर्ती किया गया। स्वजन ने बताया कि ज्योति को ब्लड प्रेशर व शुगर की बीमारी है। बीएचयू आने के दौरान घबराहट में बाइक से गिर गईं।विजय यादव के छोटे बेटे सुमित को दबंगों ने गत 26 जून को घेरकर मारने संग सोने की चेन लूट ली थी। सुमित की मां रजनी यादव ने पुलिस आयुक्त को प्रार्थनापत्र देकर मदद की गुहार लगाई थी। रजनी ने अपने शिकायतीपत्र में बताया था कि उनका बेटा बाहर से आए लोगों को दर्शन-पूजन कराता है। इस कार्य से विपक्षी शीतला गली थाना चौक निवासी शिवम, शोभित द्वेष रखते हैं।इसी नाराजगी में 26 जून को बेटे सुमित को आरोपितों ने घेरकर मारा और सोने की चेन लूट ली थी। उन्होंने जतनबर निवासी गोविंद यादव, पड़ाव के शाहिल यादव को आरोपित किया था। इसकी नाराजगी में 28 जून को आरोपितों ने शाम छह बजे श्रीकाशी विश्वनाथ धाम मंदिर परिसर में मेरे बेटे के साथ मारपीट की है।इससे स्पष्ट है कि पक्षकारों में पहले से टशन चल रही थी। यह विवाद इस हद तक पहुंच जाएगा, इसका कोतवाली और चौक पुलिस अंदाजा नहीं लगा सकी। इससे बड़ी घटना घटित होने से बच गई।

## फ्रांस के चुनाव में मैक्रों को झटका, दक्षिणपंथियों की जीत, यूक्रेन के समर्थन पर पड़ सकता है असर



**पेरिस।** फ्रांस में रविवार को संसदीय चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाले गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। मैरीन ली पेन के नेतृत्व वाली अति दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी ने पहले चरण का चुनाव जीत लिया है लेकिन अंतिम चुनाव परिणाम सात जुलाई के मतदान के बाद आएगा।पेन ने कहा है कि राष्ट्रपति मैक्रों के नेतृत्व वाले गठबंधन का इस चुनाव में सफाया हो गया है। चुनाव पूर्व सर्वे में राष्ट्रवादियों की बढ़त का संकेत मिल गया था। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अति दक्षिणपंथी दलों की यह सबसे बड़ी जीत हो सकती है। दो चरणों के चुनाव में अगला मतदान सात जुलाई को होगा। इस चुनाव का असर यूरोप के शेयर बाजार, यूक्रेन को पश्चिमी देशों के समर्थन और फ्रांस की परमाणु हथियारों के भंडार पर पड़ सकता है। फ्रांस में इस समय लोग महंगाई और उससे जुड़ी मुश्किलों से जूझ रहे हैं। वे राष्ट्रपति मैक्रों सरकार की अव्यावहारिक नीतियों से नाराज हैं। ऐसे में मैरीन ली पेन की आव्रजन विरोधी नेशनल रैली पार्टी ओपीनियन पोल में बाजी मारती दिख रही है। प्रथम चरण के चुनाव में यह बात साबित भी हो गई है। चुनाव में राजनीतिक दलों का गठबंधन न्यू पोपुलर फ्रंट भी मैक्रों के लिए चुनौतियां खड़ी कर रहा है। फ्रांस में करीब पांच करोड़ मतदाता नेशनल असेंबली के 577 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

नेशनल असेंबली फ्रांस की संसद का प्रभावशाली निचला सदन है। रविवार को हुए मतदान में समय पूरा होने से तीन घंटे पहले ही 59 प्रतिशत मतदाता वोट डाल चुके थे। मतदान का यह प्रतिशत पिछले चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के प्रतिशत से अधिक था। विश्लेषकों का मानना है कि ज्यादा मतदान का अर्थ लोग वर्तमान स्थिति से डरकर बदलाव के लिए वोट डाल रहे हैं। ऐसे में दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी को लाभ हो सकता है। मतदान के कुछ घंटे बाद मतगणना शुरू हो गई थी।

## बंगाल में तृणमूल नेता ने भरी पंचायत में युवक-युवती को बेरहमी से पीटा, वीडियो वायरल



**उत्तर दिनाजपुर।** बंगाल में महिलाओं की सरेआम पिटाई और अत्याचार पर तृणमूल समर्थकों एवं नेताओं की संलिप्तता पर राज्य सरकार घिरती नजर आ रही है। कूचबिहार में महिला को निर्वस्त्र कर पिटाई के मामले की जांच अभी शुरू ही हुई थी कि उत्तर दिनाजपुर में युवक-युवती के प्रेम को अवैध बताकर पंचायत में उनके साथ बुरी तरीके से मारपीट का वीडियो प्रसारित हो गया। तृणमूल नेताओं के इस करतूत की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा, कांग्रेस एवं माकपा नेताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। बंगाल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि महिलाओं पर हमला, चाहे उनकी जाति कुछ भी हो, अस्वीकार्य है। देश में कहीं भी हम ऐसे मामले नहीं देख रहे हैं, जैसे चुनाव के बाद बंगाल में देखे गए हैं। किसी को भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा करने का अधिकार नहीं है।

दूसरी ओर माकपा के पोलित ब्यूरो सदस्य और राज्य कमेटी सचिव मोहम्मद सलीम ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो डालकर पोस्ट किया और आरोप लगाया कि बंगाल में बुलडोजर सरकार चल रही, जो मानवता को कुचलने में जुटी है। घटना शनिवार को चोपड़ा प्रखंड के लक्ष्मीपुर ग्राम पंचायत इलाके की बताई जा रही है। युवक-युवती के प्रेम की जानकारी मिलने पर नाराज लोगों ने पंचायती बुलाई।आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस से जुड़े दबंगों ने युवक-युवती की सरेआम पिटाई शुरू कर दी। भीड़ वहां थी लेकिन सभी इसके समर्थन में लग रहे थे। मुख्य आरोपित का नाम तमीजुल उर्फ जेसीबी है। उसे पुलिस ने हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है।

## सामने आ गई अनुप्रिया पटेल के 'पत्र' की असल वजह, लोकसभा चुनाव से निकला कनेक्शन!



**लखनऊ।** एनडीए की सहयोगी अपना दल (एस) को लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद अब पिछड़ों की याद आई है। अपने खिसकते जनाधार को बचाने के लिए अनुप्रिया ने भर्ती में आरक्षण का मुद्दे को हवा देते हुए जहां मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। वहीं, उनके पति व प्रदेश सरकार में मंत्री आशीष पटेल ने छह दिन पहले मीरजापुर में एनडीए के खराब प्रदर्शन के लिए प्रदेश स्तर पर पिछड़ों की समस्याएं हल न होना बताया था।आशीष पटेल ने 22 जून को एक चैनल से यहां तक कहा कि यूपी के स्तर पर यदि पिछड़ों के विषय हल कर लिए गए होते तो विपक्ष भ्रम न फैला पाता। 69 हजार शिक्षक भर्ती हो या फिर दूसरे विषय इन्हें समय रहते हल कर लिया जाना चाहिए था।विपक्ष संविधान बदलने के नाम पर भ्रम फैलाने में कामयाब हो गया और हम उसकी काट नहीं ढूंढ पाए। इसके छह दिनों बाद 27 जून को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने भर्तियों में आरक्षण के मुद्दे को हवा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख दिया। अनुप्रिया ने पत्र पर सरकार ने दो टूक जवाब देते हुए साफ कहा कि भर्तियों में आरक्षण को पूरी तरह पालन कराया जा रहा है।

राजनीतिक गलियारे में इस पत्र व उनके पति द्वारा पिछड़ों की समस्याएं हल न होने के आरोप पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है। चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद अचानक पिछड़ों के मुद्दे उठाकर अपनी ही सरकार को घेरने के पीछे की मंशा के भी निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। इस कदम को भावी राजनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अनुप्रिया लगातार तीसरी बार केंद्र में मंत्री बनी हैं, जबकि उनके पति आशीष मार्च 2022 से प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। किंतु दोनों ने ही इससे पहले कोई आवाज नहीं उठाई। अब जब पिछड़ों की राजनीति करने वाली अपना दल (एस) की जमीन खिसकी तब उन्हें आरक्षण व पिछड़ों के मुद्दों की याद आई है।

## महिलाओं को शामिल न करने की शर्त पर यूएन बैठक में शामिल हुआ तालिबान, अफगान संकट बुलाई गई थी बैठक



**इस्लामाबाद 2।** तालिबान का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को कतर में अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र की अगुआई वाली बैठक में शामिल हुआ। आयोजकों के इस आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल बैठक में शामिल हुआ कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। दो दिवसीय यह बैठक कतर की राजधानी दोहा में अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित तीसरी बैठक है। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक्स पर लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने बैठक से इतर रूस, भारत और उज्बेकिस्तान सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया था और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि तालिबान ने फरवरी में हुई दूसरी बैठक में शामिल होने के लिए कुछ अस्वीकार्य शर्तें रखी थीं, जिनमें अफगान नागरिक समाज के सदस्यों को वार्ता से बाहर रखने तथा तालिबान को देश का वैध शासक मानने की शर्त शामिल थी। तालिबान ने अगस्त, 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर नियंत्रण हासिल किया था।

## डीपीसी की बैठक में दो आईएएस अधिकारियों की 'लॉटरी' लगी, कुल पांच की चमकी किस्मत




**लखनऊ।** प्रमुख सचिव से अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नति के लिए रविवार को विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक हुई। इसमें वर्ष 1991 बैच के दो आईएएस अधिकारी एल वेंकटेश्वर लू व बीएल मीणा को मुख्य सचिव का वेतनमान देते हुए अपर मुख्य सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है। रविवार को लोकभवन में हुई डीपीसी की बैठक में वर्ष 1991 व 1992 बैच के आईएएस अधिकारियों को पदोन्नति के लिए प्रस्ताव रखे गए। इनमें वर्ष 1991 बैच के पांच अधिकारी कामरान रिजवी, निवेदिता शुक्ला वर्मा, एल वेकेंटेश्वर लू, बीएल मीणा, राजेश कुमार सिंह और वर्ष 1992 बैच में दो अधिकारी नरेन्द्र भूषण व अनुराग श्रीवास्तव हैं। इनमें से कामरान रिजवी और निवेदिता शुक्ला वर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं, इसलिए उन्हें प्रदेश में आने पर यह लाभ मिलेगा।रिक्त पदों के सापेक्ष बीएल मीणा और एल वेंकटेश्वर लू को पदोन्नति मिल गई है। सितंबर में अपर मुख्य सचिव के और पद रिक्त हो रहे हैं। इस लिहाज से अनुराग श्रीवास्तव और नरेन्द्र भूषण को पद रिक्त होने के साथ पदोन्नति मिलेगी। हालांकि, यह भी माना जा रहा है कि डा. देवेश चतुर्वेदी और एसपी गोयल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाते ही यह पद रिक्त हो जाएंगे। ऐसे में इन दोनों अधिकारियों को पदोन्नति मिल जाएगी।

वहीं, डीपीसी में वर्ष 2010 बैच से वर्ष 2009 में आने वाले आईएएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड देने पर भी सहमति बन गई है। इन अधिकारियों को यह लाभ एक नवंबर 2022 से दिया जाएगा। प्रदेश सरकार ने मनोज कुमार सिंह के मुख्य सचिव बनने पर उनके विभागों की जिम्मेदारी दूसरे अधिकारियों को सौंप दी है। नरेन्द्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास पहले से ऊर्जा विभाग का अतिरिक्त प्रभार है।

### यूक्रेन पर रूसी मिसाइलों का कहर

## यूक्रेन का विनियांस्क बना मलबे का ढेर, सात की मौत

**कीव।** रूस की ओर से यूक्रेन पर हमले जारी हैं। रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन के जापोरिजिया स्थित विनियांस्क को निशाना बनाया। इसमें सात लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने विनियांस्क में हुए हमले के बाद तस्वीरें जारी की हैं। उन्होंने कहा है कि हमले में 36 लोग घायल हुए हैं, इनमें आठ बच्चे हैं। हमले के बाद रविवार को शोक मनाने की घोषणा की गई। स्थानीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। फेडोरोव ने कहा कि हमले में विनियांस्क में एक दुकान, आवासीय भवन और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसी हमलों को रोकने के लिए पश्चिमी साझेदारों से मदद मांगी है।

इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को दावा किया कि सेना ने रात भर में रूस के दक्षिण-पश्चिम में छह क्षेत्रों में तीन दर्जन यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। क्षेत्रीय गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने कहा कि कुर्स्क क्षेत्र में एक गांव पर ड्रोन का मलबा गिरा। हमले में एक घर को नुकसान पहुंचा। वहीं लिपेत्स्क में औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाकर ड्रोन से किए गए हमले को नाकाम कर दिया गया। किसी मामले में कोई हताहत नहीं हुआ।

## यूपी में कांवड़ यात्रा हो या मुहर्रम, नई परंपरा की अनुमति नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने दिए सख्त निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांवड़ यात्रा हो या मुहर्रम सभी की आस्था का सम्मान किया जाए, लेकिन नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई से पवित्र श्रावण मास का प्रारंभ हो रहा है। इस अवधि में श्रावणी शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। परंपरागत कांवड़ यात्रा निकलेगी। इसलिए पिछले वर्षों में हुई दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार निर्धारित आवाज में ही डीजे बजाने की अनुमति दी जाए और उसकी ऊंचाई भी ज्यादा न हो।मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि सात से नौ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा, सात व आठ से 17-18 जुलाई तक मोहर्रम और 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन अवसर है। इसलिए सभी संबंधित विभाग इसकी तैयारियां समय से कर लें। कांवड़ यात्रा की दृष्टि से उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों के अलावा गाजियाबाद, मेरठ, अयोध्या, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी, बाराबंकी व बस्ती जिले महत्वपूर्ण हैं। कांवड़ यात्रा आस्था के उत्साह का आयोजन है। परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत इसका हिस्सा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो। डीजे की ऊंचाई एक तय सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस की खरीद-बिक्री न हो।यात्रा मार्ग को स्वच्छ किया जाए। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था हो। यात्रा के मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, लटकते बिजली के तार को सही करवा लिया जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न आए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के दौरान सोमवार को शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं आते हैं। इसलिए पंचायतीराज और नगर विकास विभाग द्वारा शिवालयों के आस-पास समय से सफाई सुनिश्चित की जाए। शरारती तत्वों पर नजर रखी जाए दूसरे संप्रदाय के लोगों को उत्तेजित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। कांवड़ शिविर लगाने वालों का सत्यापन करें। ड्रोन से भी निगरानी की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि मोहर्रम जुलूस के दौरान निकलने वाली ताजिया से जुड़ी समितियों और पीस कमेटी के साथ स्थानीय प्रशासन समन्वय बनाकर प्रबंध किए जाएं। विगत वर्ष कुछ स्थानों पर गठित दुर्घटनाओं से सबक लेकर इस वर्ष ताजिया की ऊंचाई परंपरा के अनुरूप ही रखी जाए, ऊंची ताजिया जुलूस में न शामिल हों।

## दिल्ली, यूपी और बिहार में झमाझम बारिश, गुजरात-राजस्थान के लिए ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर हिस्सों में पहुंच चुके मानूसन के कारण कहीं हल्की तो कहीं तेज वर्षा हुई। दिल्ली समेत कई जगहों पर रविवार को आंशिक बादल छाए रहे। वर्षा नहीं होने के कारण उमस ने बेहाल कर दिया।मौसम विभाग ने सोमवार से बुधवार तक पंजाब और उससे सटे हिमाचल प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मप्र, दक्षिण गुजरात, दक्षिण तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दक्षिण कर्नाटक, उत्तरह तमिलनाडु, बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश, आसमानी बिजली गिरने और तेज हवा के साथ तेज वर्षा की संभावना जताई है।सोमवार को देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत व ऊधम सिंह नगर में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के तीन जिलों बिलासपुर, सोलन और सिरमौर में आंधी चलने, बिजली गिरने व भारी वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में कई जिलों में झमाझम वर्षा हुई। गोरखपुर-देवरिया और संतकबीरनगर में वज्रपात से पांच की मौत हो गई, जबकि 22 झुलस गए। जून की शुरुआत में प्रदेश का सबसे गर्म जिला झांसी रहा, वहीं जून खत्म होते ही यह सबसे ठंडा जिला बन गया। रविवार को दोपहर तक प्रदेश में सबसे अधिक 37.3 मिमी बारिश झांसी में हुई। अधिकतम तापमान 30.1 डिग्री सेल्सियस रहा।एक और दो जुलाई को प्रदेश के अधिकांश जिलों में हल्की से भारी वर्षा के आसार हैं। मानसून के सक्रिय होने के कारण बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में झमाझम वर्षा हो रही है। अगले दो दिनों तक वर्षा के आसार है। बक्सर में वज्रपात की चपेट में आकर




एक महिला की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मानसून छा चुका है। मौसम विभाग ने जबलपुर, टीकमगढ़, सागर, खजुराहो, राजगढ़ में गरज-चमक के साथ भारी वर्षा का अनुमान व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ में कई दिनों से वर्षा हो रही है। सोमवार को सरगुजा संभाग के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हुई। जिससे अहमदाबाद और सूरत सहित कुछ शहरों में जलभराव के कारण सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सूरत जिले के पलसाना में मात्र दस घंटों में 153 मिमी बारिश हुई। सूरत, भुज, वापी, भरूच और अहमदाबाद के निचले इलाकों में पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ।मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक गुजरात के सभी हिस्सों में बारिश का अनुमान लगाया है। सौराष्ट्र और कच्छ में आज बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

भरूच, सूरत, नवसारी, वलसाड और दादरा नगर हवेली के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।राजस्थान में मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया। पिछले पांच दिन से प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। पांच दिन में प्रदेश के सभी जिलों में बारिश हुई है। रविवार को जयपुर सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मध्यम से तेज बारिश हुई है। जयपुर में रविवार को दोपहर में हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया । पानी में कई वाहन बंद हो गए। मौसम विभाग ने बारिश का दौर अगले एक सप्ताह तक जारी रहने की बात कही है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव की जीत को लेकर बीजेपी की तैयारी जारी, प्रत्यशियों के नाम पर जल्द होगा मंथन



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले घोषणा पत्र जारी करने पर विमर्श पूरा कर लिया है।अब प्रत्याशियों का पैनल बनाने का काम किया जाएगा। चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्व सरमा ने अपने दौरे में पार्टी नेताओं को सभी सीटों पर संभावित प्रत्याशियों का पैनल बनाने को कहा है। जुलाई के पहले सप्ताह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का रांची दौरा प्रस्तावित है। दोनों प्रभारियों की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा की कोर समिति प्रत्याशियों के नाम का पैनल तैयार करेगी, जिसे केंद्र को भेजा जाएगा। पार्टी घोषणा पत्र से पहले गठबंधन सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी करने की तैयारी में है। संभव है कि शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्व सरमा की उपस्थिति में इसे जारी कर दिया जाए 'प्रत्याशियों का नाम तय करते हुए पार्टी क्षेत्र में सक्रियता, जनता में उनकी छवि और क्षेत्र में उपलब्धता की जांच कर रही है। गठबंधन सरकार के खिलाफ समय-समय पर किए गए आंदोलन में किस नेता ने कितना भूमिका निभाई, इसे भी टिकट वितरण के आधार में शामिल किया गया है।बीते लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र में नेताओं के काम का भी आकलन किया जा रहा है।

# ग्राहक बनकर आये बदमाशों ने आभूषण दुकान में की लूट




**सूरजपुर।** रविवार को दिनदहाड़े नगर के मनेन्द्रगढ़ रोड स्थित एक ज्वेलरी दुकान में 70 हजार रुपये लागत के जेवरातों की उठाईगीरी हो गई। जेवरात खरीदने आस्था ज्वेलर्स पहुंचे एक आरोपित ने दुकान संचालक को चकमा देकर जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। उठाईगीरी की वारदात रविवार दोपहर पौने बारह बजे घटित हुई है। मनेंद्रगढ़ रोड स्थित आस्था ज्वेलर्स में एक युवक जेवरात खरीदने पहुंचा। उसने दुकान संचालक प्रकाश सोनी से सोने का लाकेट दिखाने को कहा। वे उसे लाकेट दिखाने लगे। इस बीच वे बार बार दराज भी खोल रहे थे। उसी दौरान युवक ने सोने के एक लाकेट व झुमका पर हाथ साफ कर दिया और रफूचक्कर होने लगा। जानकारी मिलते ही दुकान संचालक प्रकाश सोनी ने उसे पकड़ने उसका पीछा भी किया और शोर भी मचाया, लेकिन आरोपित युवक थोड़ी ही दूर मोटरसाइकिल लेकर खड़े अपने साथी के साथ बैठकर देवनगर मार्ग में भाग गया। दिनदहाड़े घटित उठाईगिरी की वारदात से व्यापारियों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली थाने के एएसआई नन्दलाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गयी है। मामले में अपराध दर्ज कर कोतवाली पुलिस आरोपित की पतासाजी में जुट गई है।

## कन्हर नदी में अचानक आया उफान, युवक बहते बहते बचा

**रामानुजगंज।** आज दोपहर के बाद कन्हर नदी उफान पर गया।जिसके बाद से एनीकट से लोगों का आना-जाना बंद हो गया इसी बीच शाम को 5:30 बजे के करीब एक युवक मस्ती में हाथ में मोबाइल देखते हुए एनीकट से जब झारखंड की ओर से छत्तीसगढ़ की ओर आने लगा तो दोनों ओर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई सबकी सांस रुक गई। सैकड़ो लोग वीडियो बनाने लगे व चिल्लाने लगे सबको लगने लगा कि वह वह बह जायगा परंतु वह अपने मस्ती में मोबाइल देखते एनीकट पार कर गया।

युवक रामचंद्रपुर क्षेत्र का था जो स्वजनों के साथ टेंपो से झारखंड के गोदरमाना बाजार करने आया था। टेंपो आमंत्रण धर्मशाला के सामने खड़ा करके गोदरमाना गया था। जब वह गोदरमाना एनीकट से हो कर गया था तब एनीकट के नीचे से पानी जा रहा था। परंतु दोपहर के बाद नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई और एनीकट की ऊपर से बनी जाने लगा। युवक ने बताया की गोदरमाना बाजार करने के दौरान काफी देर हो गया जिस कारण वह जल्दीबाजी में एनीकट से ही आ गया।

कमर तक कहीं-कहीं पानी मोबाइल देखने की मस्ती में एनीकट कर गया पार जैसे ही युवक एनीकट से आना शुरू हुआ दोनों और देखते-देखते सैकड़ो लोगों की भीड़ उमड़ गई परंतु युवक सबसे बेखबर अपने मस्ती में मोबाइल देखते एनीकट पार कर गया। युवक को एनीकट से आता देख दोनों और सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई सैकड़ो लोग वीडियो बनाने लगे वही दोनों ओर से लोग चिल्लाने लगे यहां तक की उसके स्वजन भी उसे देख तो सबकी सांस रुक गई जब वह एनीकट पार कर लिया तो सब ने राहत की सांस ली।

### चाकू से हमला

**रायपुर।** वाट्सएप स्टेटस लगाने को लेकर ट्रक के हेल्पर ने अपने साथी की पिटाई कर दी, साथ ही उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल हेल्पर ने इलाज के बाद घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। गतौरा में रहने वाले अनिमेश जगत ट्रक में हेल्परी का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार को वे पंधी स्थित राइस मिल से चावल लेकर तारबाहर एफसीआइ गोदाम आए। दूसरे दिन करीब तीन बजे वे चावल खाली कर ट्रक को तारबाहर पुराना आइल डिपो के पास ले आए।

### बिजली गिरने से किसान की मौत

**बलरामपुर।** बलरामपुर रामानुज गंज शनिवार के शाम 4 बजे के करीब रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम पीपरोल में बिजली गिरने से घर के अंदर ढाबे में बैठे किसान की मौत हो गई वही घर के बाहर किसान के बैल पर भी बिजली गिरा जिससे उसकी मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया।

घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों सौप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीपरोला के गम्हारपारा में रहने वाले किसान श्याम बिहारी गुप्ता पिता स्वर्गीय सुदेश्वर साहू उम्र 55 वर्ष शाम 4 के करीब अपने घर के अंदर ढाबे में थे। इसी दौरान बिजली के गिरने से उनकी स्थिति गंभीर हो गई जिसके बाद उन्हें रामानुज गंज 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया। परंतु इसी दौरान उनकी मौत हो गई। बिजली गिरने से मृतक किसान श्याम बिहारी के घर के बाहर बैल की भी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष संजय गुप्ता भी 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचे उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त किया। घटना पर पुलिस ने मार्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम का शव परिजनों को सौंप दिया। किसान की बिजली से मौत की खबर गांव में फैलते ही मातम पसर गया।

## तीन नए कानून के बारे में मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा आयोजित की गई वर्चुअल बैठक



**सूरजपुर।** 1 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होगी जिसके प्रभावी ढंग क्रियान्वयन के लिए मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस डिपाटमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स के द्वारा मुम्बई महाराष्ट्र से हाईब्रिड मोड वर्चुअल माध्यम से कानून के बारीकियों से अवगत कराया गया। इस दौरान ई-कोर्ट, ई-फारेंसिंग प्लेटफार्म, ई-एफआईआर व जीरो एफआईआर सहित कानून में हुए बदलाव के बारे में पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### मवेशी चराने के विवाद पर वृद्ध ग्रामीण की गला दबाकर हत्या

**बिश्रामपुर।** रामानुजनगर के दवना गांव में मवेशी चराने की बात को लेकर हुए विवाद में पड़ोसी वृद्ध ग्रामीण की हत्या कर देने के मामले में आरोपित पड़ोसी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि रामानुजनगर थाना इलाके के दवना गांव में शनिवार की शाम को रामनारायण सिंह गोंड़ की मवेशी चराने की बात को लेकर बुधुराम पंडो 62 वर्ष की कहासुनी हो गई। वाद विवाद इतना बढ़ गया कि रामनारायण सिंह ने बुधुराम पंडो की गला दबाकर हत्या कर दी। अचेतावस्था में स्वजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी राजेंद्र साहू ने पुलिस टीम के साथ तत्काल घेराबंदी कर आरोपित रामनारायण सिंह को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिक्षा में जेल भेज दिया गया।

### गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा का आयोजन 1 से 31 अगस्त तक

**सूरजपुर।** शासन के निर्देशानुसार बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2024 का आयोजन 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। 0-5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसके शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2024 के आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला अस्पताल, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा अन्य स्थानों पर किया जाएगा।

### मारपीट में घायल युवक ने तोड़ा दम हत्या का मामला दर्ज

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी भाठागांव के ब्लाक नंबर 10 में दो युवकों ने एक युवक से मारपीट कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मंगल मुर्या 21 वर्ष कुम्हारपारा जिला बस्तर का रहने वाला है। बताया जाता है कि मृतक मंगल मुर्या बीएसयूपी कालोनी भाठागांव के ब्लाक 10 में रहता थ्था। जहां आरोपी सावन डोंगरे व कोंदा नामक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर मंगल मुर्या से मारपीट किया। जिससे घायल मंगल की आंबेडकर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 302,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### महिला से मारपीट

**रायपुर।** गावलीपारा बैरनबाजार में चार लोगों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कोमल यादव 29 वर्ष गावलीपारा बैरनबाजार की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पड़ोस में रहने वाली गुड़िया, नंदू, चिंटू व रानी यादव ने प्रार्थिया के बच्चे से गाली-गलौज कर रही थी। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294,506,323,34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी भाठागांव में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रमोद कुमार जोशी 35 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजी 5155 को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नया बस स्टेण्ड के पास गांजा के साथ महिला व पुरूष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 13 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नया बस स्टेण्ड भाठागांव के गेट नंबर 1 के पास एक महिला व पुरूष संदिग्ध लग रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर पूछताछ किया तो अपना नाम पुष्पेन्द्र सिंह 25 वर्ष व विनिता सिंगोरे 32 वर्ष बताया। उन लोगों के पास रखे थैले की तलाशी ली तो उसमें 13 किलो 200 ग्राम गांजा मिला। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

### एमएलए मूणत ने किया करबला तालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** विधायक राजेश मूणत आज सुबह 7:00 से रायपुर नगर निगम के अधिकारी स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ एवं वहाँ के स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ कर्बला तालाब में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। वरिष्ठ नागरिकों से विकास कार्यों के संदर्भ में सुझाव मांगे। अच्छे सुझाव के अनुरूप ही विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। वहीं जाम को लेकर युंका नेता पंडित सीमांत दीक्षित अपने साथियों के साथ रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत से मिलकर महादेव घाट जाने वाले मुख्य मार्ग पर मंदिर परिसर के नज़दीक में मछली और सब्जी बाजार को विसर्जन कुंड के पास खाली मैदान में लगाने हेतु आग्रह किया है। उन्होनें बताया कि सुबह और शाम को अक्सर इस रोड में भीड़भाड़ रहने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। रोजाना ऐसी स्थिति बनती है। राहगीरों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। भूलवश एंबुलेंस इधर आ जाए तो मरीजों को भी अस्पताल पहुंचने में घंटो लग जाता है। दीक्षित ने नगर निगम और जिला प्रशासन ने से भी मांग की है।

## शक्कर घोटाले में कार्रवाई के लिए कोर्ट के आदेश की प्रतीक्षा

**प्रतापपुर।** सूरजपुर जिले के ग्राम केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2020-21 में 12 करोड़ 38 लाख के शक्कर घोटाले में कार्रवाई के लिए कोर्ट के आदेश की प्रतीक्षा है। शासन स्तर से हुई जांच में आरोप प्रमाणित पाया गया है।शक्कर स्टाक में कमी की जांच उपरांत कारखाने के तत्कालीन प्रबंध संचालक एवं महाप्रबंधक (प्रशासन) के विरूद्ध विभागीय जांच शासन स्तर पर चल रही है। छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम के तहत तत्कालीन प्रबंध संचालक एवं 17 अन्य कर्मचारियों के विरूद्ध न्यायालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता बिलासपुर संभाग बिलासपुर में प्रकरण विचाराधीन है। न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण स्थानीय स्तर पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई संस्थित नहीं की जा सकती है। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2020-21 में शक्कर की कमी की शिकायत संज्ञान में आने पर तत्कालीन अपर पंजीयक सहकारिता की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच टीम द्वारा 15 से 17 जून 2021 तक शक्कर कारखाने में शिकायत की जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट दो सितंबर 2021 को शासन को प्रस्तुत किया जा चुका है। भौतिक सत्यापन में दस्तावेजों के आधार पर रिकार्डेड शक्कर की मात्रा में 1165.60 मीट्रिक टन की कमी पाई गई। कारखाना प्रबंधन द्वारा शक्कर का भण्डारण विज्ञानी एवं गणना किए जाने योग्य ढंग से नहीं किया गया था। भौतिक सत्यापन में मोलसिस 1641.224 मीट्रिक टन अधिक पाई गई थी।भौतिक सत्यापन में मोलासिस की स्टाक पंजी में दर्ज मात्रा से अधिक गोलासिस पाए जाने पर जांच टीम ने यह माना ग कि जब सह-उत्पाद का अधिक उत्पादन हुआ है तो स्वाभाविक है कि मूल उत्पाद शक्कर का भी उत्पादन उसके निर्धारित अनुपात में हुआ होगा।

### दादा की हत्या करने वाले पोते को आजीवन कारावास

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके के सीमानगर में सवा दो साल पहले लोहे के खुरपा से हमला कर दादा खोबो तुलसी मोंगराज की हत्या करने वाले आरोपित पोते श्रीपति मोंगराज उर्फ डॉक्टर (26) को कोर्ट ने आजीवन कारावास के साथ एक हजार अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेंद्र जैन ने बताया कि 10 मार्च 2022 की रात 7.30 बजे सीमानगर, तेलीबांधा में रिक्शा चालक खोबो तुलसी मोंगराज परिवार में आयोजित शादी पार्टी के दौरान खाने-पीने की बात को लेकर आरोपित पोते श्रीपति मोंगराज उर्फ डॉक्टर का विवाद हो गया था। गुस्से में आकर उसने लोहे का खुरपा से अपने दादा खोबो तुलसी मोंगराज के सिर व जबड़े में जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान तुलसी मोंगराज की मौत हो गई थी। तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्जकर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## आर्यांव पांडेय ने स्केटिंग में कौशल दिखाकर गिनीज बुक में नाम दर्ज कराया

**अंबिकापुर।** लगातार छह घण्टे तक स्केटिंग कर उन्होंने विश्व रिकार्ड में अपना योगदान दिया। 11 वर्ष के आर्यव पांडेय इस दौरान गिरे भी और चोटिल भी हुए। घुटनों में दर्द हुआ। खून भी बहा लेकिन वे न रुके और न ही थके। आखिरकार इस पूरे आयोजन को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल किया गया। विश्व रिकार्ड बनने के बाद नियमों के तहत इस उपलब्धि को सार्वजनिक किया गया है। अंबिकापुर बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पांडेय के पुत्र आर्यव पाण्डेय कक्षा छठवीं में पढ़ते हैं। उन्होंने गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। बेल-गावी ( कर्नाटक) में यह आयोजन 26 से 31 मई 2024 तक शिव गंगा स्केटिंग क्लब में हुआ।देश के अलग-अलग राज्यों से 150 बच्चों ने लगातार 75 घंटे स्केटिंग कर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इसमें छत्तीसगढ़ की भी सहभागिता रही। छत्तीसगढ़ प्रदेश से छह बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद सभी को प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। नियमों के तहत जब तक गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से अधिकृत रूप से आयोजन को विश्व रिकार्ड घोषित नहीं करने तक इसे प्रचारित नहीं करना था। अब यह आयोजन गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में शामिल हो गया है। अंबिकापुर शहर के 11 वर्षीय आर्यव पांडेय ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर शहर का मान बढ़ाया है।आर्यव स्केटिंग के प्रति समर्पित है। स्थानीय स्तर पर ही वे इसका प्रशिक्षण ले रहे हैं। आयोजन में छत्तीसगढ़ के बच्चों को छह से आठ घण्टे लगातार स्केटिंग करना था।छत्तीसगढ़ के राजगीत के साथ जब बच्चे स्केटिंग के लिए ट्रैक पर पहुंचे तो उत्साह बढ़ाने लोग मौजूद रहे। इतनी लंबी अवधि तक स्केटिंग का आर्यव का यह पहला प्रयास था लेकिन उन्होंने बुलंद हौसले के साथ इसमें सहभागिता की। आयोजन के दौरान गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजन स्थल के चप्पे-चप्पे पर सीसी कैमरा लगाकर निगरानी भी की गई। आखिरकार बच्चों ने 75 घण्टे लगातार स्केटिंग कर विश्व रिकार्ड में नाम दर्ज कराया।



### दवा दुकान संचालक ने कर दिया आपरेशन बिगड़ी तबीयत तो मामला आया सामने



**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम पंडरी में बवासीर पीड़ित महिला की दवा दुकान संचालक ने सर्जरी कर दी। इससे महिला की तबीयत बिगड़ गई। अंबिकापुर के मिशन अस्पताल में महिला को भर्ती करना पड़ा। मामला संज्ञान में आते ही प्रशासनिक टीम ने दवा दुकान को सील कर दिया। संचालक पहले ही भाग गया था। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम पंडरी की 52 वर्षीय महिला बवासीर से पीड़ित थी। परेशानी बढ़ जाने पर उसने गांव के ही दवा दुकान जाकर दवा की मांग की थी। आरोप है कि दवा दुकान के संचालक ने महिला को झांसे में लेकर बवासीर ठीक करने का दावा कर उसकी सर्जरी कर दी। बतौर शुल्क 23 हजार रुपये भी ले लिए।सर्जरी के बाद महिला की स्थिति काफी बिगड़ने लगी। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वजन ने उसे अंबिकापुर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां उसकी फिर से सर्जरी की गई। बिना किसी योग्यता के दवा दुकान संचालक द्वारा सर्जरी करने के कारण महिला की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी। अस्पताल में उपचार के बाद उसकी हालत में थोड़ा सुधार है। अंबिकापुर के अस्पताल में उपचार में भी राशि खर्च हुई। पीड़ित स्वजन द्वारा शिकायत किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया। दवा दुकान संचालक को उपचार का अधिकार ही नहीं था लेकिन उसने मरीज को झांसा दिया। बहरहाल पुलिस,राजस्व व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दवा दुकान को सील कर दिया है। संचालक के नहीं मिलने के कारण दवा दुकान के लाइसेंस और उपचार करने की वैधता को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जांच की जा रही है। प्रारंभिक शिकायत के आधार पर दवा दुकान को सील कर दिया गया है।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों को अंतिम दिन दी गई विदाई, प्रमाण पत्र भी दिया



**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एसआई जगसाय ने 39 वर्ष 4 माह, एसआई राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने 36 वर्ष 10 माह एवं एएसआई शोभित राम ने 42 वर्ष 6 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 जून 2024 को सेवा निवृत्त हुये। रविवार को जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने इन तीनों अधिकारियों को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति का आदेश सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त एसआई व एएसआई का पूरा परिवार मौजूद रहा।

इस दौरान डीआईजी-एसएसपी सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ने कहा कि तीनों पुलिस अधिकारी लंबी अवधि तक विभाग में सेवायें दी, कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया, इनका रिकार्ड बहुत अच्छा है इससे दूसरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य लोगों की भलाई और सेवा के साथ ही अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सजा दिलाना होता है जिसे तीनों ने बखूबी निभाया। प्रकृत्ति का नियम है आप दूसरों के लिए अच्छा करेंगे तो आपके साथ अच्छा होगा। सेवा के बाद दूसरी पारी में परिवार के साथ समय व्यतीत कर खुश रहे। पुलिस विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए तीनों अधिकारियों को साल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सेवा निवृत्त हो रहे तीनों अधिकारियों के द्वारा सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय व रक्षित केन्द्र के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कई कानून आज से बदले, डॉ. प्रिया ने इस विषय पर दी जानकारी

**सूरजपुर।** आज से तीन नए कानून प्रभावशील हो जायेगा, कानून की बारीकियों से अवगत कराने ताकि उसके क्रियान्वयन में दिक्कत न आए इसके लिए रविवार, 30 जून 2024 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्राध्यापक (विधि) डॉ. प्रिया राव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से जिले की पुलिस अधिकारियों को नए कानूनों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



सहायक प्राध्यापक डॉ. राव ने सरल शब्दों में तीन नए कानूनों, एफआईआर दर्ज करने के बाद से लेकर चालान प्रस्तुत करने तक के प्रक्रिया एवं विवेचना के दौरान व्यवहारिक रूप से दिक्कतों का निराकरण कैसे की जानी है, डिजिटल/इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के संकलन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय सहिंता 2023 में कुल 358 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 511 हैं। जिसमे 21 नई धाराओं को जोड़ा गया है, 41 धाराओं में सजा को बढ़ाया गया है। 82 धाराओं में फाईन को बढ़ाया गया है। 25 धाराओं में न्यूनतम सजा का प्रावधान, 06 धाराओं में सामुदायिक अपराधों को जोड़ा गया है एवं 19 धाराओं को हटाया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता 2023 में 531 धाराएं होंगी जबकि वर्तमान कानून में यह 484 है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में कुल 170 धाराएं हैं, वर्तमान कानून में 166 धाराएं हैं। जिला पुलिस कार्यालय में उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) सहित पुलिस राजपत्रित अधिकारी,जिले थाना-चौकी प्रभारी एवं विवेचकगण इस वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक समाप्त होने के उपरान्त डीआईजी/एसएसपी एम.आर.आहिरे ने तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी पुलिस अधिकारीगण इस कानून के बारें में कानूनी किताब एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एसओपी से अवगत होकर जानकारी प्राप्त कर ले ताकि कानून लागू होने पर स्पष्ट तरीके से क्रियान्वयन हो सके और इसमें किसी प्रकार की दिक्कत न जाए। आम जन को इन कानूनों की जानकारी हो इसके लिए विभिन्न माध्यमों से कानूनों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। एक जुलाई 2024 को जिला मुख्यालय व हर थाने में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें नये कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, जिले के थाना-चौकी प्रभारीगण व जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।





# बारिश का कहर : कुछ रिहायशी क्षेत्रों की सड़कें बनीं नदी

## तीन महीने होना है बारिश इसलिए चिंतित है तंत्र

**कोरबा।** बारिश की शुरुआत होने के साथ पूरे तेवर में है। पिछली मध्य रात्रि के बाद शुरू हुई बारिश ने आज सुबह तक अपना रंग जमकर दिखाया। दो दिन पहले जिले में कुल औसत वर्षा के मुकाबले 10 मिलीमीटर की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई। बारिश के कहर ने शुरुआती दौर में ही कोरबा नगर और आसपास के इलाके में हालात पर विपरित असर डाला। कई रिहायशी क्षेत्रों में बारिश का पानी प्रवेश कर गया। इससे लोगों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई।

मानसून के पिछड़ने को लेकर चिंतित हो रहे लोग अब इस बात से खौफजदा हैं कि आने वाले समय में इसी तरह की बारिश जारी रही तो फिर क्या होगा। दरअसल रात्रि को लगभग 3 बजे के आसपास मध्यम गति से शुरू हुई बारिश ने कुछ देर के बाद अपनी रफ्तार में बढ़ोत्तरी की। पूरे तेवर के साथ बादलों ने धरती पर जिस तरह से मेहरबानी की उसके नतीजों ने खासतौर पर निचली और स्लम बस्तियों में कई समस्याओं को खड़ा कर दिया। कोरबा नगर में वार्ड संख्या 12 शारदा विहार के अंतर्गत आने वाले चिमनीभट्ठा इलाके में एक बड़े नाला के ओवरफ्लो होने और मुख्य मार्ग से ढलान वाले रास्ते के साथ सीधे घुसे पानी ने यहां विचित्र स्थिति पैदा कर दी। यहां की कई बस्तियों की सड़कें ऐसे नजर आई मानों यह सड़क के बजाय नदी हो। लोगों के घरों तक पानी घुसने से दिक्कतें हुई। आज सुबह 7 बजे के बाद पानी कुछ कम हुआ तब लोगों ने बरसाती पानी को बाहर निकालने के लिए मेहनत की। चिमनीभट्ठा के साथ-साथ सीतामणी क्षेत्र के वैष्णो दरबार और कुम्हार मोहल्ला तक इस प्रकार की परिस्थितियां रात को हुई बारिश से पैदा हुई। हजारों की संख्या में लोग इसके चलते परेशान हुए।

## नाली के मोड़ पर बनाई दुकान, इससे बढ़ी समस्या



बालकोनगर में सेक्टर-5 के मोड़ पर एक व्यवसायी द्वारा नाली पर अतिक्रमण कर दुकान बना देने से समस्याएं उत्पन्न हो गई है। बारिश का पानी ठीक तरीके से आगे निकल नहीं पा रहा है। इसके चलते उसके रिटर्न होने और आसपास के क्षेत्र में फैलने का दौर जारी है। हालिया बारिश के कारण इस प्रकार की परेशानी यहां पेश आई। लोगों ने बताया कि नाली पर अतिक्रमण करने से नगर निगम को सफाई करने में दिक्कत हो रही है। पहले भी इसे लेकर शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हो सकी। इसका खामियाजा अब लोगों के साथ-साथ नगर निगम को भी उठाना पड़ रहा है।

## खतरा भांपकर यार्ड से निकाली गाड़ियां

शारदा विहार वार्ड के अंतर्गत बायपास रोड पर मारूति ऑटो मोबाइल्स के एक यार्ड में रखी गई शोल्ड गाड़ियों को मौके से हटाने की कार्यवाही आज सुबह 4 बजे से कंपनी के कर्मियों ने की। बताया गया कि भारी बारिश के कारण नजदीक से बहने वाले बड़े नाला का पानी का प्रवेश यहां तक हो गया और पूरा यार्ड पानी क जद में आ गया। इससे गाड़ियों को नुकसान होना संभावित था। आनन-फानन में यहां के कर्मियों ने संचालक को जानकारी दी। इसके बाद श्रम शक्ति और संसाधन के साथ जरूरी कोशिश की गई। मौके पर रखी गई सभी गाड़ियों को यहां से हटाया गया है ताकि आने वाले समय में गंभीर समस्या से मुक्ति मिल सके।

## अब तक 64.2 मिमी वर्षा हुई जिले में



भू-अभिलेख विभाग ने वर्षा के रिकार्ड अपडेट करना जारी रखा है। इसमें लगातार परिवर्तन हो रहा है। दो दिन पहले जिले में 54.46 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई थी। अब यह आंकड़ा 64.2 मिलीमीटर हो गया है। भू अभिलेख अधीक्षक अमित झा ने बताया कि एक जून से अब तक की स्थिति में दर्री में सर्वाधिक 114 मिमी, पाली में 111 और कोरबा में 106 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। कटघोरा तहसील में 85.4 मिमी वर्षा हुई है। जिले के 12 तहसील क्षेत्रों में जितनी वर्षा जून से अब तक हुई है उसका औसत 64.2 मिमी है। बताया गया कि पिछले 10 वर्षों के आधार पर एक जून से आज तक की औसत वर्षा का जिले में कुल योग 2328.1 मिमी होता है जबकि इसका कुल औसत 194.0 मिमी है। मौसम विभाग के द्वारा दी जाने वाली जानकारी और चेतावनी के अंतर्गत संबंधितों को अवगत कराने का काम जारी है।

## मछली पकड़ने गया ग्रामीण नदी में डूबा

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थानांतर्गत ग्राम देवरी में मछली पकड़ने गए एक ग्रामीण के डूबकर लापता होने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरी निवासी शंकरलाल कंवर आज सुबह 9 बजे के लगभग नदी में मछली पकड़ने गया था। वह जाल लगाने के बाद कुछ देर नदी किनारे विश्राम करने के बाद जब जाल निकालने गया तो नदी में पानी का तेज बहाव आ गया जिससे वह डूबकर लापता हो गया। शंकर लाल को नदी में समाते अन्य लोगों ने देखा और इसकी सूचना उसके परिजनों के साथ गांव के सरपंच को दी। जिस पर सरपंच ने बांकीमोंगरा पुलिस को सूचित किया। सरपंच की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर डूबकर लापता हुए ग्रामीण की नदी में तलाश शुरू कर दी है। इस कार्य में गोताखोरों की मदद भी ली जा रही है।

# शारदा विहार रेलवे क्रासिंग के गड्ढों में फंस रही गाड़ियां, कौन करेगा सुधार?



कोरबा। मीडिया के दबाव और लोगों की शिकायतों के बाद ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रासिंग की दुर्दशा को एक महीने पहले ठीक कराने में दिलचस्पी ली गई लेकिन अब शारदा विहार रेलवे क्रासिंग का मसला लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। क्रासिंग पर हुए बड़े-बड़े गड्ढे में लगातार गाड़ियां फंस रही है। सवाल है कि इस दुर्गति को रेलवे खुद दूर करेगा या कोई और।

रेलवे के नियंत्रण में ही इस ट्रैक से होकर बालको और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की डीएसपीएम पावर प्लांट को कोयला आपूर्ति कराई जा रही है। दिन में निकलने वाली मालगाड़ियों के लिए यह क्रासिंग बंद की जाती है। जरूरत से ज्यादा वैगन के साथ मालगाड़ियों की आवाजाही यहां से होने के कारण ट्रैक पर दबाव पड़ रहा है और इसके असर से यहां हर तरफ गड्ढे हो गए हैं। दिन भर व्यस्त रहने वाले इस रास्ते पर दोपहिया से लेकर अन्य गाड़ियां फंस रही है। बारिश में स्थिति और खतरनाक हो गई है। रेलवे को मामले की जानकारी है लेकिन वह मौन है। सवाल उठ रहा है कि इस ट्रैक की स्थिति को आखिर ठीक कौन करेगा?

## भाजपा की बैठक कल

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का हर विधानसभा क्षेत्र में स्वागत व सत्कार किया जाएगा। इसके लिए कल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में कार्यकर्ताओं को स्वागतकरने की जिम्मेदारी दी जाएगी।। बैठक में जिलाध्यक्ष डा. राजीव सिंह, वैशाली रत्न पारखी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह, चुलेश्वर राठौर, सरजू अजय, नरेश टंडन, हरीश थरवानीय, सूर्यप्रकाश , लक्ष्मीकांत जगत, राजेन्द्र टंडन, सुमन सोनी, सहित सभी मड़लो के अध्यक्ष महामंत्री एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। भले ही लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार हुई है। लेकिन कार्यकर्ताओं में उत्साह बनाए रखना जरूरी है।

## बढ़ा दबाव, बरॉज का एक गेट खोला छोड़ा जा रहा 8300 क्यूसेक पानी



**कोरबा।** जिले में दो दिन से हो रही बारिश ने अपना दबाव जारी रखा है। इसके कारण नदी-नालों के जल स्तर में बढ़ोत्तरी हुई है। हसदेव बरॉज संभाग के द्वारा दर्री स्थित बरॉज का एक गेट आंशिक रूप से खोला गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वहां से 8300 क्यूसेक पानी प्रति सेकेंड की गति से नदी में छोड़ा गया है। अगली स्थिति तक गेट खोला जाएगा। बारिश थमने पर इसे यथावत कर दिया जाएगा। बताया गया कि हसदेव के जल स्तर में बढ़ोत्तरी पर पूरी नजर रखी जा रही है। विभाग ने पहले ही सर्व साधारण को अलर्ट कर दिया था कि बारिश के मद्देनजर हसदेव के किनारे से अपनी परिसंपत्तियों को हटा लें जो उनके निजी व व्यवसायिक प्रयोजन से जुड़ी हुई है। पूरे वर्षाकाल में उत्पन्न स्थिति और इस कारण से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

## पसान रेंज से 8 हाथी पहुंचे लालपुर, लोगों को किया गया सतर्क

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज से 8 हाथियों का दल एक बार फिर केंदई रेंज के ग्राम लालपुर पहुंच गया है। इसकी वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग सहित चोटिया-कोरबी मार्ग पर आने-जाने वालों को सतर्क किया जा रहा है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों का झुंड भोजन की तलाश में शाम को सड़क पार करते हैं। इसलिए उनका स्टाफ काफी सतर्कता बरत रहा है। हाथियों की निगरानी करने के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी नजर रखे हुए हैं। हाथी अभी गांव के पास नहीं जा रहे हैं। उधर एतमानगर रेंज के बंजारी गांव में 23 तथा जटगा के मुकुवा में 13 हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों की निगरानी संबंधित अमले द्वारा की जा रही है। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में 13 हाथी डेरा डाले हुए हैं। हाथियों के इस दल को आज सुबह यहां के जंगल के कक्ष क्रमांक 1139 में विचरण करते हुए देखा गया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के इस झुंड में शावक भी है। दल में शावक होने के कारण हाथियों का यह दल जहां भी जाता है कई दिनों तक डेरा डाल देता है। कुदमुरा रेंज में भी यह दल पिछले तीन दिनों से जमा हुआ है।

## वार्ड क्रमांक 18 में नहीं हो रहा पानी सप्लाई

**कोरबा।** नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक पथर्रीपारा के लोग पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। यहां नगर पालिक निगम द्वारा पानी की सप्लाई पिछले कई दिनों से नहीं की जा रही है। पेयजल सप्लाई में व्यवधान के कारण वार्डवासी पेयजल के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। वार्ड में निवासरत रामजनम ने बताया कि क्षेत्र में व्याप्त पानी की समस्या से निगम के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया।

## स्कूटी में लगाई आग

**कोरबा।** बालको थानांतर्गत भदरापारा चेकपोस्ट में घर के बाहर खड़ी स्कूटी वाहन को आग के हवाले कर दिया गया। आग किसने और क्यों लगाई, इस बात का पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस जांच शुरू कर दी है।

# सुरक्षा कोष समेत कई मुद्दे उठाए यूनियनों ने वित्तमंत्री के समक्ष

## दवाओं को जीएसटी से रखें अलग : दीपेश



**कोरबा।** देश में अरसे से चले आ रहे पंरपराओं के अनुसार बजट पूर्व केंद्र सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने देश के केंद्रीय मजदूर संगठनों के नुमाइंदों के साथ आने वाले बजट को लेकर बीते सोमवार को राय मशविरा किया है।

प्रदेश एटक के कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि वित्त मंत्री के साथ परामर्श वार्ता के दौरान कुछ ज्वलंत मसलों पर केन्द्रीय मजदूर सगंठनों ने वित्त मंत्री के समक्ष मांग रखा कि आनेवाले बजट मे असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा कोष के साथ दिगर मुद्दों को उठाया है। इस बैठक के उपरांत सेंट्रल ट्रेड यूनियनों की ओर से साजा बयान जारी कर कहा गया कि केंद्र सरकार सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोके। नई पेंशन योजना को खत्म करे और पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करें। इसके साथ ही वेतनभोगी वर्ग के लिए उनके वेतन और ग्रेच्युटी पर आयकर छूट की अधिकतम सीमा को प्रयास रूप से बढ़ाए तथा असंगठित श्रमिकों और कृषि श्रमिकों के लिए सरकार सामाजिक सुरक्षा कोष की स्थापना करें। उन्हें न्यूनतम 9000 रुपये प्रतिमाह पेंशन और अन्य चिकित्सा व शैक्षणिक लाभ आदि मिल सके इसके अलावा श्रम संगठनों ने यह भी मांग की है कि केंद्र सरकार के सभी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के सभी विभागों मे मौजूदा रिक्तियों को तुरंत भरे इसके अलावा अनुबंध व आउटसोर्सिंग प्रथा को बंद करें। आवश्यक खाद्य वस्तुओं एवं दवाओं पर जीएसटी नहीं लगाएं। असंगठित कामगारों और कृषि कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा कोष का गठन करें। वहीं ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के महासचिव अमरजीत कौर की ओर से कहा गया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा कोष से उन्हें न्यूनतम पेंशन, चिकित्सा सुविधा समेत अन्य मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित कराया गया।

# जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू हुई दादरखुर्द में



**कोरबा।** कोरबा शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दादर खुर्द में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा का महोत्सव 7 जुलाई को धूमधाम के साथ आयोजित होगा। इसके लिए मंदिर परिसर में तैयारी की जा रही हैं। रथ यात्रा के आयोजन का यह 123 वर्ष है, जिसे लेकर आसपास के लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है।

रथ द्वितीय के नाम से भी विभिन्न क्षेत्रों में रथ यात्रा महोत्सव बनाने की परंपरा है जिसमें हजारों ही नहीं बल्कि लाखों की संख्या में भक्तों की उपस्थिति दर्ज होती है। कोरबा जिले के दर खुर्द क्षेत्र में रथ यात्रा का अपना विशेष महत्व है और इसकी एक अलग पहचान है। 123 वर्ष इस परंपरा के पूरे होने जा रहे हैं। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 31 खरमोर के अंतर्गत आने वाले दादर खुर्द में जगन्नाथ मंदिर परिसर में रथ यात्रा को लेकर जरूरी तैयारियां की जा रही है। यहां पर रथयात्रा से संबंधित कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है ताकि समय से पहले प्राथमिक काम पूरे हो सके। रथ निर्माण के साथ-साथ आसपास का रंग रोगन भी किया जा रहा है। जगन्नाथ मंदिर के पुरोहित रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि उनका परिवार लंबे समय से यहां पूजा अर्चना की जिम्मेदारी संभालता रहा है।

पुरोहित ने बताया कि दादर खुर्द की रथ यात्रा को देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित होती है। कई प्रकार के आयोजन भी यहां पर इस श्रृंखला में किए जाते हैं। रथ यात्रा पर्व का हर किसी को काफी इंतजार रहता है। रथ यात्रा महोत्सव से पहले यहां गोंचा पर्व पर महाप्रभु का महा स्नान कराया गया। 7 जुलाई को रथ यात्रा दिवस को प्रात: 7बजे पूजन अर्चन किया जाएगा और दोपहर से भंडारा की शुरुआत होगी। दोपहर बाद 3 बजे रथ यात्रा के भ्रमण का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। रात्रि 8 बजे भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपनी मौसी मां के यहां गुंडिचा मंदिर में विश्राम करेंगे। 16 जुलाई को रथ यात्रा की वापसी धूमधाम के साथ होगी और भगवान अपने मुख्य मंदिर में पहुंचेंगे।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com